## गुस्ताखी माफ



कामकाज पर आ गये, वापस सभी वकील।
आओ फिर दायर करें, कोई नई अपील।
कोई नई अपील, मुकदमा फिर से ठोकें।
रोका चालू करें, और चलते को रोकें।
कह साहिल कविराय, जिसे कह दें टांगेंगे।
इधर-उधर कुछ करें, फीस तब ही मांगेंगे।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 209 | THURSDAY 06-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# ईडी ने साइबर ठगों की 187 करोड़ की संपत्ति की कुर्क, अमेरिकी नागरिकों को बनाया निशाना, FBI से मिला था इनपुट

जालंधर/यूटर्न/5 अगस्त। जालंधर में अमेरिकी नागरिकों से साइबर ठगी और फाइनेंशियल धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जोनल ऑफिस ने कार्रवाई की है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पैमला), 2002 के तहत ईडी ने आरोपियों की 187.13 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। इनमें हरियाणा, दिल्ली और गोवा में स्थित कई लग्जरी फार्महाउस और आलीशान विला शामिल हैं। इस मामले की जांच अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई से मिले इनपुट के आधार पर सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के बाद शुरू हुई थी।




### एफबीआई के इनपुट पर शुरू हुई थी कार्रवाई

यह मामला तब सामने आया, जब अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने भारतीय एजेंसियों के साथ अहम इनपुट साझा किए। इसके आधार पर सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की। जांच में सामने आया कि भारत से चल रहे एक कथित अवैध कॉल सेंटर के जरिए अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाकर उनसे करोड़ों डॉलर की साइबर ठगी की जा रही है। जिसके बाद सीबीआई ने कार्रवाई शुरू की।

### 36 कर्मचारियों के साथ चल रहा था अवैध कॉल सेंटर

सीबीआई की एफआईआर के बाद ईडी ने जांच शुरू की। उनकी जांच में सामने आया कि "Digikaps – The Future of Digital" नाम से एक अवैध कॉल सेंटर चल रहा था। इस सेंटर में करीब 36 कर्मचारी काम करते थे। इनमें जिगर अहमद, यश खुराना, इंद्रजीत सिंह भाली और निखिल शर्मा मुख्य वर्कर थे। पूरे नेटवर्क का संचालन और निगरानी जॉनी, दक्षे सेठी और गौरव वर्मा कर रहे थे।

### रियल एस्टेट में निवेश हो रहा था ठगी का पैसा

कॉल सेंटर के कर्मचारी खुद को टेक्निकल सपोर्ट से जुड़ा प्रतिनिधि बताकर अमेरिकी लोगों को झांसे में लेते और उनकी निजी जानकारी हासिल करते थे। इसके बाद वे अमेरिकी टैक्स विभाग (आईआरएस) की ओर से कानूनी कार्रवाई का भय दिखाकर लोगों पर दबाव बनाकर उनसे रकम क्रिप्टो खातों में ट्रांसफर कराते थे। उस पेमेंट को क्रिप्टो वॉलेट के जरिए Bliss Infraproperties LLP समेत अन्य कथित शेल कंपनियों में ट्रांसफर किया जाता था। इसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए इस धन को वैध दिखाने के लिए रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश किया जाता था।

### भारी नकदी और दस्तावेज भी मिले

ईडी के मुताबिक, गिरोह के मुख्य आरोपी जॉनी उर्फ जॉनी त्यागी, दक्षे सेठी, राघव सतिहा, निखिल वर्मा, गौरव वर्मा और गौतम ढींगरा ने कथित तौर पर इसी रकम से हरियाणा, दिल्ली और गोवा में महंगी अचल संपत्तियां, फार्महाउस और आलीशान विला खरीदे। जनवरी व फरवरी 2026 में ईडी ने पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के 13 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान कई डिजिटल उपकरण, 34 लाख रुपए की बेहिसाब नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए थे।

## अमृतसर में 10 किलो हेरोइन सहित दो गिरफ्तार, सीमा पार नेटवर्क से जुड़े तार




चंडीगढ़/अमृतसर, 5 अगस्त (नवीन गोगना)। पंजाब को नशामुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर देहाती पुलिस ने सीमा पार नशीले पदार्थों की सप्लाई से जुड़े नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 10.03 किलो हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रंगड़ निवासी जसबीर सिंह उर्फ मोनू और अमृतपाल सिंह उर्फ मोटा के रूप में हुई है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल किया जा रहा मोटरसाइकिल भी जब्त कर लिया है। प्रारंभिक जांच में दोनों आरोपियों के सीमा पार से संचालित ड्रग सप्लाई नेटवर्क से जुड़े होने की बात सामने आई है।


श्रद्धांजलि

हमारे आदरणीय भाई

श्री जोगिन्द्र पाल क्वात्रा

के निधन पर हम गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए हार्दिक संवेदना प्रकट करते हैं तथा परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

उनकी आत्मिक शांति हेतु रखे गए श्री गरूड़ पुराण के पाठ का भोग एवं रस्म पगड़ी दिनांक 06-08-2026 वीरवार को दोपहर 2 बजे से3 बजे तक मल्होत्रा रिसोर्ट, सामने टाइगरी सफारी, जी.टी. रोड़, जालंधर बाईपास, लुधियाना में होगी।



श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

कृष्ण लाल क्वात्रा (भाई)
अशोक कुमार क्वात्रा (भाई)
स्व. श्री सुरेन्द्र क्वात्रा (भाई)

चेतन क्वात्रा, नितिन अरोड़ा,
पुनीत अरोड़ा (पिंचू),
पारस अरोड़ा, साहिल अरोड़ा (भतीजे)

K.L. Arora Fabrics
S.K. Arora Traders
Ashoka Enterprises
K.L. Fashioner
LUDHIANA

Uturn Time 06 Aug 2026_Layout 2 05-08-2026 23:47 Page 2



# दूसरे दिन भी जारी रही ED की कार्रवाई, लुधियाना की नामी इंडस्ट्रियल कंपनियां रडार पर, 5 करोड़ में मोहाली की 200 करोड़ की जमीन!

लुधियाना/यूटर्न/5 अगस्त। ईडी की और से मंगलवार को चंडीगढ़, लुधियाना, अमृतसर और जालंधर में एक साथ कई ठिकानों पर रेड की गई थी। इस रेड का मुख्य कारण पीएसआईडीसी (पंजाब कोर इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्प) द्वारा आवंटित किए गए प्लॉट है। बुधवार को भी कार्रवाई जारी रही। इस कार्रवाई में कई नामी इंडस्ट्रियल कंपनियां भी विभाग की रडार पर आ चुकी है। जिनकी इन्वेस्टिगेशन शुरू हो चुकी है। इस जांच को पूर्व कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के साथ जोड़ने की कोशिश की जा रही है। जिसके चलते उनकी रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के हैप्टन होम्स अपार्टमेंट को भी इसमें शामिल किया गया है। वहीं पीएसआईडीसी द्वारा आज तक पूरे पंजाब में आवंटित किए प्लॉटों का डेटा खंगाला जा रहा है। जिसमें लुधियाना की करीब 10 कंपनियों की भी जांच शुरू कर दी गई है। इसमें रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, हीरो, एवन साइकिल, नाहर इंडस्ट्री, रॉयल इंडस्ट्री, वर्धमान समेत कई और कंपनियों के नाम शामिल हैं। ईडी की और से इन कंपनियों द्वारा पीएसआईडीसी से लिए प्लॉटों की फाइलें मंगवाई गई है। जिसमें बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में पीएसआईडीसी के रिटायर्ड पूर्व कार्यकारी डायरेक्टर एसपी सिंह, लुधियाना के बिचौलिए अवतार सिंह और दमनदीप सिंह को लेकर भी कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। हालांकि ईडी की और से आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है। जानकारी के अनुसार ईडी द्वारा चंडीगढ़ के उद्योग भवन में पीएसआईडीसी ऑफिस, लुधियाना, अमृतसर और जालंधर के करीब 10 ठिकानों पर रेड की थी। यह कार्रवाई जारी है।



## नियमों को ताक पर रख इंडस्ट्रियल जमीनों का किया इस्तेमाल !




चर्चा है कि पूर्व सीएम स्वर्गीय बेअंत सिंह के कार्यकाल के दौरान पूरे पंजाब में कई बड़े घरानों को इंडस्ट्रियल लैंड दी गई थी। इस में लुधियाना की भी करीब 10 बड़ी कंपनियां शामिल रही । जिसमें रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, हीरो समूह , एवन समूह , नाहर इंडस्ट्री, रॉयल इंडस्ट्री, वर्धमान समूह समेत कई और कंपनियों की और से पीएसआईडीसी से प्लॉट अलॉट करवाए गए थे। चर्चा है कि विभाग को संकेत मिले है की इन कंपनियों में से कुछ दी गई लैंड को तय नियमों और दिए गए उद्देश्य अनुसार इस्तेमाल नहीं की जा रही । शायद यही जाँच के लिए विभाग द्वारा सभी फाइलें मंगवाई गई है .जांच के बाद ही इन कंपनियों की फाइलों का सच पता चल सकेगा।



## पूर्व डायरेक्टर ने रिकॉर्ड डिजिटल न होने का उठाया फायदा

चर्चा है कि ईडी की और से पूर्व सीएम स्वर्गीय बेअंत सिंह के कार्यकाल में आवंटित प्लॉटों और 2004 से लेकर आज तक पीएसआईडीसी द्वारा अलॉट की जमीनों का डाटा खंगाला जा रहा है। चर्चा है कि पीएसआईडीसी के प्लॉटों की सेल परचेज में रिटायर्ड अधिकारी एसपी सिंह का अहम रोल रहा है। आज भी एसपी सिंह और उनकी टीम विभाग का नैक्सस विभाग में हावी है। जिनकी और से जमकर हेरफेर करके लोगों को प्लॉट दिलाए जा रहे हैं। चर्चा है कि वर्षों तक विभागीय रिकॉर्ड डिजिटल न होने के चलते एसपी सिंह द्वारा अवतार सिंह के साथ मिलकर विभाग की कमियों का जमकर फायदा उठाया गया। चर्चा है कि कई फाइलें तो मैनुअल रिकॉर्ड से गायब भी कर दी गईं थी। वहीं बेशक वे रिटायर्ड हो गए, लेकिन आज भी उनकी टीमें विभाग में गबन कर रही हैं।

## *मोहाली में ३२ करोड़ की जमीन में किया बड़ा घोटाला*

*चर्चा है कि विभाग की मोहाली के फेस–8 में ढ़ाई एकड़ जमीन थी। साल 2020 में उक्त साइट की ऑक्शन की गई। उस साइट में अधिकारियों ने लिखा कि वेयर एड्टिज यानि कि जैसा है, वैसा ही रहेगा कुछ बदलाव नहीं होगा। हालांकि मौके पर जमीन में बिजली के खंभे लगे थे और ऊपर से हाईटेंशन तारें निकलती थी। ऑक्शन प्राइज 32 करोड़ रुपए रखा गया। हाईएस्ट बीड बेनिफिशरी पटियाला का लाभ सिंह था। उसने पांच करोड़ की मार्जन मनी दी। उसे विभाग ने अलॉटमेंट लेटर दिया, लेकिन उसमें सिर्फ लिखा कि विभाग जमीन को समतल नहीं करेगा, जबकि खंभे और तारों का जिक्र ही नहीं किया।*

## अवतार, दमनदीप और अंकुर चौधरी भी टीम का हिस्सा

चर्चा है कि पीएसआईडीसी के मौजूदा अधिकारी अंकुर चौधरी और बिचौलिया अवतार सिंह भी एसपी सिंह की टीम का हिस्सा है। लुधियाना की पक्खोवाल रोड स्थित सेंट्रा ग्रीन्स के द मलबरी टू बिल्डिंग के फ्लैट नंबर 901 में रहते अवतार सिंह की तलाश में भी ईडी ने रेड की थी। लेकिन वह फरार बताया जा रहा है। अवतार सिंह विभाग के प्लॉटों को सेल कराने में बिचौलिए की भूमिका निभाता था। दमनदीप सिंह उसका बेटा है। इसके नाम पर खरीद फिरोख्त होती थी। वहीं अवतार सिंह द्वारा दमनदीप के अलावा अपने भाई और अन्य पारिवारिक सदस्यों के नाम पर सेल परचेज की जाती थी।

## पिता के संस्कार स्थल पर ही विजिलेंस ने हिरासत में लिया

चर्चा है कि पहले भी पूर्व कार्यकारी डायरेक्टर एसपी सिंह पर गुलमोहर टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड को अनावश्यक लाभ पहुंचाने समेत कई प्लॉट आवंटन में हेरफेर करने के आरोप लगे थे। साल 2023 में उनके पिता की मौत हो गई। जिसके चलते मोहाली के श्मशानघाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। लेकिन श्मशानघाट से बाहर निकलते ही विजिलेंस ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। हालांकि रिश्तेदारों ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन विजिलेंस ने एक न सुनी।

## 5 साल से एक्सटेंशन लेकर करोड़ों की जमींन कब्जाई

- चर्टा है कि मोहाली वाली जमीन में एसपी सिंह व उनकी टीम द्वारा मोटी रिश्वत ली गई। जिसके चलते जानबूझकर अलॉटमेंट लेटर में आधी चीजें छिपा दी गई। जिसके बाद पटियाला का हतेन्द्र सिंह हाईकोर्ट पहुंच गया और अलॉटमेंट लेटर में तारें और खंभों का जिक्र न करने व मौके पर मौजूद होने की बात कहकर केस दायर कर दिया। जिसके चलते पिछले पांच साल से चार बार एक्सटेंशन ले चुका है। यानि कि 32 करोड़ की जमीन उसने अफसरों के साथ सेटिंग करके पांच करोड़ में ले ली। वहीं आज उस जमीन की कीमत 200 करोड़ रुपए है। ऐसे में अगर वे आगे भी सेल करे तो भी 100 करोड़ आसानी से मिल जाएगा। यानि कि कुल मिलाकर विभाग के अफसरों ने अपनी जेब गर्म करने के चक्कर में सरकार को जमकर चूना लगाया।

## सरकारी खाते से करवाया काम

- चर्चा है कि लाभ सिंह द्वारा एक तरफ कोर्ट में केस दायर कर दिया गया। जबकि दूसरी तरफ विभाग द्वारा फिर सेटिंग करके सरकारी खाते से बिजली के खंभे और तारे हटवाई गई, ताकि कल को कोर्ट में कह सके हैं कि हमने काम पूरा कर दिया है। बेशक अंकुर चौधरी को तीन दिन पहले एक अन्य घोटाले के आरोपों में चार्जशीट किया गया, लेकिन वे भी इस जमीन के आवंटन मामले में मुख्य किरदार माना जा रहा है। अब देखना होगा कि ईडी द्वारा इस मामले को कैसे लिया जाता है।

# डेंगू: क्रास चेकिंग के नाम पर किया जा रहा है लोगों को गुमराह

–अशोक सहगल–

लुधियाना, यूटर्न 5 अगस्त। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को डेंगू के मामले की क्रास चेकिंग के नाम पर लोगों को जहां एक और गुमराह किया जा रहा है वहीं दूसरी और स्वास्थ्य अधिकारी डेंगू की बीमारी को महामारी में तब्दील करने में सहायक सिद्ध हुए हैं। कई बार मांगने पर भी अधिकारी स्वास्थ्य निदेशालय के ऐसे दिशा ।।निर्देश दिखने में विफल रहे हैं। स्वास्थ्य निदेशालय में कार्यरत उच्च अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने ऐसा कोई सर्कुलर नहीं देखा जिसमें डेगू के मामलों की क्रास चेकिंग करने की बात कही गई हो उन्होंने कहा अगर ऐसा होता तो अन्य बीमारियों के बारे में भी दिशा निर्देश जारी होते ।

**अपने जिम्मेवारी से बचने के लिए बनाया है यह फंडा...**स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि डेंगू की महामारी को कमतर दिखाने के लिए पीछे अधिकारियों का अपनी जिम्मेवारी से बचना ही नहीं है बल्कि उच्च अधिकारियों द्वारा की जाने वाले जवाब तलबी से भी बचना है एक अधिकारी ने बताया कि आगर जिले में डेंगू की बीमारी पहले तो अधिकारियों कर रवैया इस प्रकार होता है कि जैसे मच्छर स्थानीय अधिकारियों ने फैलाया हो इसलिए यह फंडा पैदा किया गया की क्रास चेकिंग के नाम पर बीमारी को इतना काम करके बताओ की उच्च



अधिकारी जवाब तल्बी ना करें।

**डेंगू की संख्या कम दिखाई तो बचाव कार्य भी नहीं करने पड़ते...**सूत्रों ने आगे बताया कि डेंगू की महामारी को काम करके बताना इसके कई फायदे हैं अगर अधिकारी डेंगू के मरीजों की संख्या कम करके बताते हैं तो उसी अनुपात में उन्हें बचाव कार्य अभी नहीं करने पड़ते उदाहरण के तौर पर अगर किसी इलाके में डेंगू का मरीज सामने आता है तो उसके घर के आसपास 20 घरों में फोकल सप्रे करना आवश्यक होता है इसके अलावा लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक भी करना पड़ता है विभाग के पास मैनपावर की भी बहुत कमी है ऐसे में उनके कई कामों से बचाव हो जाता है परंतु इसका खमियाजा लोगों को उस समय भुगतना पड़ता है जब शहर में बीमारी महामारी का रूप धारण कर लेती है अगर किसी इलाके में डेंगू का मरीज सामने आता है और विभाग उसे क्रॉस चेकिंग के नाम पर नेगेटिव करार दे देता है तो वहां पर बचाव कार्य नहीं किया जाते ऐसे में उस इलाके में डेंगू का खतरा कई गुना बढ़ जाता है क्योंकि डेंगू के मच्छर और लार्वा को कंट्रोल करने के लिए कोई बचाव करें नहीं किए गए।

**प्रशासनिक अधिकारियों से लेते हैं वाहवाही...**कागजो में डेंगू को कंट्रोल करके अधिकारी न सिर्फ अपनी चमड़ी बचा लेते हैं बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों से भी वाहवाही लूट लेते हैं कि उन्होंने शहर में डेंगू को कंट्रोल कर लिया जिला स्तरीय अधिकारियों को खुश करने के लिए उनके घरों और कार्यालय में विशेष अभियान चलाया जाता है जिसके तहत लारवा की जांच सप्रे करना आदि शामिल है। जैसा कि पिछले दिनों पुलिस थानों में किया गया जबकि शेष शहर मैं खाना पुरी के नाम पर कभी कभार जांच अभियान चलाया जाता है।

Uturn Time 06 Aug 2026_Layout 2 05-08-2026 23:48 Page 3

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India





पेज 06 भाजपा में बगावत, आप-कांग्रेस भी हमलावर...

# होटल रेडिसन ब्लू में NRI से ज्योतिष ने की रेप की कोशिश, भूत निकालने के बहाने पहले की अश्लील हरकतें, फिर न्यूड कर मारे थप्पड़, मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/5 अगस्त। लुधियाना के फिरोजपुर रोड स्थित होटल रेडीसन ब्लू में एक एनआरआई लड़की ने रुम रेंट पर लेकर एक ज्योतिष को पूजा के लिए बुला लिया। पंडित ने लड़की से भूत निकालने का झांसा देकर उससे रेप करने की कोशिश की।

उसने उसके कपड़े उतार दिए और थप्पड़ मारे। लेकिन लड़की किसी तरह अपना बचाव कर वहां से भागी। जिसके बाद उसने सारी बात परिवार वालों को बताई। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। थाना सराभा नगर की पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दीप नगर के राहुल सूद के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे कनाडा रहती है। उसका परिवार दिल्ली में रहता है।



## छोटे भाई की पूजा के लिए रुम किया था बुक

शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने अपने छोटे भाई का भविष्य अच्छा बनाने के लिए पूजा करवानी थी। जिसके चलते उन्हें किसी ने उक्त आरोपी ज्योतिष राहुल सूद के बारे में बताया। राहुल ने उन्हें लुधियाना आने को कहा। जिस पर शिकायतकर्ता कनाडा से आई और फिर अपनी मां और भाई के साथ लुधियाना आ गई। यहां उन्होंने होटल रेडिसन ब्लू में रुम नंबर 839 लिया। उन्होंने कमरे में पूजा के लिए आरोपी को बुलाया।

## मां और भाई के जाने पर की वारदात

शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने उसकी मां को सामान लेने के लिए भेज दिया, जबकि उसके भाई को बाहर इंतजार करने को कहा। जब उसका भाई कमरे से बाहर गया तो पीछे से आरोपी ने उसे कहा कि उसके शरीर में दो भूत हैं। उन्हें तुरंत बाहर निकालना होगा। नहीं तो वो आपको भी तंग करेंगे। युवती ने बताया कि वो आरोपी के कहने पर भूत बाहर निकालने के लिए मान गई।

## भूत निकालने के बहाने रेप का प्रयास

शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने शरीर से भूत निकालने की प्रक्रिया के नाम पर उसके दोनों हाथ पकड़ लिए। उसके बाद उसे टच कर अश्लील हरकतें शुरू कर दी। जब शिकायतकर्ता ने विरोध जताया तो आरोपी ने उसके साथ रेप की कोशिश की। जिसके बाद वो चिल्लाई और वहां से भाग निकली।

# पंजाब भाजपा में 'ऑल इज नॉट वेल': नई कार्यकारिणी पर घमासान, इस्तीफों के बाद अब बड़े विरोध की तैयारी

लुधिया/यूटर्न/05 अगस्त। पंजाब भाजपा की नई प्रदेश कार्यकारिणी के गठन के बाद पार्टी में शुरू हुआ असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है। नई नियुक्तियों को लेकर उठे विवाद ने अब इस्तीफों, खुले आरोपों और संगठन के खिलाफ विरोध की रणनीति का रूप ले लिया है। पार्टी के भीतर बढ़ती गुटबाजी को लेकर नेताओं और कार्यकताओं में नाराजगी लगातार बढ़ रही है। सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में कार्यकताओं का रोष और तेज हो सकता है। संगठन के फैसलों के विरोध में बड़े स्तर पर प्रदर्शन की तैयारी चल रही है। चर्चा है कि इस विरोध की अगुवाई लुधियाना के कई वरिष्ठ भाजपा नेता कर सकते हैं, जबकि बड़ी संख्या में कार्यकताओं के भी इसमें शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

पार्टी के भीतर आरोप लग रहे हैं कि नई कार्यकारिणी का गठन प्रदेश नेतृत्व और स्थानीय नेताओं को विश्वास में लिए बिना किया गया। संगठन महामंत्री श्रीनिवासुलु पर आरोप है कि उन्होंने अपनी पसंद के अनुसार कार्यकारिणी का गठन किया, जिससे वर्षों से संगठन में काम कर रहे नेताओं और जमीनी कार्यकताओं में भारी नाराजगी है। कई नेता इसे भाजपा के भीतर बढ़ते 'कांग्रेसीकरण' की संज्ञा दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, नई कार्यकारिणी में कुछ पदाधिकारियों को दी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। सोशल मीडिया पर संगठन के कुछ पदाधिकारियों पर वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े गंभीर आरोप लगाए गए हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही भाजपा की ओर से इस पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया आई है। चर्चा यह भी है कि प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर केंद्रीय नेतृत्व को अपनी नाराजगी से अवगत कराया है। वहीं, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी शर्मा के समर्थकों की अनदेखी किए जाने की भी पार्टी के भीतर लगातार चर्चा है। विवाद उस समय और गहरा गया जब नियुक्ति के महज 15




दिनों के भीतर छह जिला अध्यक्ष बदल दिए गए। कई नेताओं का कहना है कि पार्टी के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। होशियारपुर में जिला अध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद सतीश बावा की आत्महत्या ने भी इस पूरे विवाद को और गंभीर बना दिया। पूर्व मंत्री तीक्ष्ण सूद ने अपने समर्थकों के साथ संगठनात्मक पदों से इस्तीफा दे दिया।

नके साथ 111 पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भी अपने पद छोड़ दिए। वहीं, वरिष्ठ नेता सुखमिंदर पाल सिंह ग्रेवाल ने 34 वर्षों का साथ छोड़ते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। उधर, 17 दिन में बदले गए संगरूर के पूर्व जिला अध्यक्ष मनिंदर सिंह ने भी संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि फैसले एकतरफा लिए जा रहे हैं और जमीनी कार्यकताओं की राय को महत्व नहीं दिया जा रहा। राजनीतिक हलकों में अब चर्चा है कि यदि केंद्रीय नेतृत्व ने जल्द हस्तक्षेप नहीं किया तो पार्टी के भीतर असंतोष और गहरा सकता है।

सूत्रों का दावा है कि नाराज कार्यकताओं और नेताओं द्वारा बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की जा रही है, जिससे पंजाब भाजपा की अंदरूनी कलह आने वाले दिनों में और खुलकर सामने आ सकती है।

*In loving memory of*



Sh. Joginder Lal Kwatra
(TANATAN)
1952-2026

BHOG AND ANTIM ARDAS will be held on
6th AUGUST, 2026 THURSDAY
2:00 PM to 3:00 PM
at MALHOTRA RESORTS,
Near JALANDHAR BYPASS, LUDHIANA, PUNJAB,
*Followed by Langar.*

*Grief stricken*
Smt. Veena Arora (wife)
Manav Arora Priya Arora (son-daughter in law)
Naveen Arora Neha Arora (son-daughter in law)
Reema Chadha Rajeev Chadha (daughter-son in law)
Grandkids
Mokshit, Kapish, Kovit, Garvish, Preetika, Dhriti
Kwatra Family, Katyal Family, Miglani Family, Popli Family,
Chadha Family, Malhotra Family, Taneja Family.

Hari Om Knit Fab , Hari Om Clothing Co.
HO21
9743500000 , 9743600000
Scan for location

# हरियाणा में एआई क्रांति की तैयारी, वर्ल्ड बैंक के साथ नई साझेदारी

## कोरिया डिजिटल समिट में दिखेगा हरियाणा का एआई मॉडल, सुशासन और स्किल डेवलपमेंट को मिलेगी रफ्तार

चंडीगढ़/यूटर्न/05 अगस्त। हरियाणा सरकार राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल गवर्नेंस, कौशल विकास और डेटा आधारित प्रशासन को नई दिशा देने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को चंडीगढ़ में वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर इन विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य तकनीक का लाभ सीधे आम नागरिक तक पहुंचाना है, ताकि सरकारी सेवाएं अधिक पारदर्शी, तेज और प्रभावी बन सकें।

बैठक में वर्ल्ड बैंक के अधिकारियों ने बताया कि 19 से 22 अक्टूबर तक कोरिया में आयोजित होने वाले कोरिया डिजिटल समिट में हरियाणा सरकार और वर्ल्ड बैंक के सहयोग से विकसित



एआई सैंडबॉक्स को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी समिट में भाग लेने का विशेष आमंत्रण दिया गया। मुख्यमंत्री ने परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) को राज्य की महत्वपूर्ण डिजिटल पहल बताते हुए कहा कि अब इसे और अधिक आधुनिक तथा उपयोगकर्ता अनुकूल बनाने के लिए पीपीपी 2.0 विकसित किया जाएगा। साथ ही, विभिन्न विभागों के बीच सूचनाओं के बेहतर आदान-प्रदान के लिए डेटा एक्सचेंज पॉलिसी और डेटा लेक तैयार करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा, जिससे नीतिगत फैसले अधिक सटीक और प्रभावी होंगे।

उन्होंने वर्ल्ड बैंक से हरियाणा एआई एंड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को शीघ्र शुरू करने का आग्रह किया। इस परियोजना के तहत प्रस्तावित एआई गुरुकुल में युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक जिले में उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार कौशल विकास केंद्र स्थापित करने पर भी जोर दिया जाएगा।

# नशे की कमाई से बना अवैध मकान तोड़ा, बड़माजरा में पुलिस का बुलडोजर एक्शन

## एनडीपीएस केस में जेल में बंद आरोपी पर कार्रवाई बलौंगी थाना क्षेत्र में आठ माह में 70 केस, 103 आरोपी गिरफ्तार





मोहाली/यूटर्न/05 अगस्त। पंजाब सरकार के 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान के तहत बुधवार को मोहाली के बड़माजरा में नशा तस्कर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस, ग्राम पंचायत और सिविल प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई के दौरान बुलडोजर चलाकर शामलात भूमि पर बने मकान को गिरा दिया गया। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने नशे के अवैध कारोबार से अर्जित धन से यह निर्माण कराया था और मकान का इस्तेमाल नशा तस्करी के अड्डे के रूप में किया जा रहा था।

कार्रवाई थाना बलौंगी क्षेत्र के शिव कॉलोनी निवासी अनिल के खिलाफ की गई। डीएसपी खरड़-1 ईशान सिंगला ने बताया कि आरोपी को पहले भी कई बार नशा तस्करी छोड़ने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन उसने अपनी गतिविधियां बंद नहीं कीं। इसके बाद जांच में सामने आया कि उसने ग्राम पंचायत की शामलात भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बनाया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना बलौंगी में 10 जुलाई 2026 को एफआईआर दर्ज की गई थी। एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 61 और 85 के तहत दर्ज इस मामले में आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है।

# जीरकपुर में 'तीया दिला दिया' कार्यक्रम की धूम, 200 से अधिक महिलाएं मनाएंगी हरियाली तीज का उत्सव

जीरकपुर/यूटर्न/05 अगस्त। हरियाली तीज के अवसर पर जीरकपुर में महिलाओं के लिए एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन 'तीया दिला दिया' का आयोजन 9 अगस्त को किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन एन.के. प्रोडक्शंस की संस्थापक नेहा खन्ना द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों का दावा है कि इस बार कार्यक्रम में 200 से अधिक महिलाओं की भागीदारी रहेगी और तीज के पारंपरिक रंगों के साथ कई आकर्षक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आयोजक नेहा खन्ना ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य हरियाली




तीज की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और महिलाओं को एक ऐसा मंच देना है, जहां वे उत्सव का आनंद लेने के साथ-साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी कर सकें। उन्होंने कहा कि इस बार यह संकल्प लिया गया है कि कार्यक्रम में शामिल होने वाली प्रत्येक महिला को सिंधारा भेंट किया जाएगा, ताकि कोई भी बहन खाली हाथ न लौटे। कार्यक्रम में महिलाओं का स्वागत फुलकारी और ढोल की थाप के साथ किया जाएगा। इसके अलावा लाइव सिंगिंग, रैंप वॉक, विभिन्न मनोरंजक गेम्स, तीज क्वीन प्रतियोगिता, सेल्फी बूथ, फोटोशूट, झूले, डीजे पार्टी तथा स्नैक्स, चाय, कॉफी और कोल्ड ड्रिंक जैसी व्यवस्थाएं भी रहेंगी। आयोजकों की ओर से प्रतिभागियों और अतिथियों के लिए कई सरप्राइज गिफ्ट्स भी रखे गए हैं।

# ईरान युद्ध में अमेरिका के मिसाइल भंडार खाली और रूस इस पर नजर रखे हुए है

युद्धों में सिर्फ जान और पैसा ही खर्च नहीं होता, बल्कि इनसे 'डिटरेंस' (दुश्मन को डराकर रोकने की क्षमता) भी खत्म होती है।

हालिया अमेरिका-ईरान टकराव ने वॉशिंगटन के सामने एक असहज सच्चाई उजागर की है। ऐसी खबरें हैं कि अमेरिका ने अपने एडवांस्ड मिसाइल इंटरसेप्टर और लंबी दूरी तक सटीक निशाना लगाने वाले हथियारों का एक बड़ा हिस्सा इस्तेमाल कर लिया है। इससे ईरान से भी बड़ा एक रणनीतिक सवाल खड़ा हो गया है: अगर रूस या चीन जैसी किसी बराबरी की सैन्य ताकत के साथ अगला संकट पैदा होता है, तो क्या होगा?



संदीप शर्मा, सम्पादक

क्या हम 'MAGA' (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) को 'टअढअ' (मेड अमेरिका पुअर अगेन) में बदलते देख रहे हैं? क्या आप सुन रहे हैं मिस्टर ट्रंप? दशकों से, अमेरिका ने अपनी सैन्य नीति इस सोच पर बनाई थी कि वह एक से ज्यादा बड़े टकरावों को रोक सकता है या जरूरत पड़ने पर उनसे लड़ सकता है। अब यह सोच दबाव में दिख रही है। आधुनिक युद्धों में एडवांस्ड मिसाइलें इतनी तेजी से खर्च होती हैं कि दुनिया की सबसे बड़ी डिफेंस इंडस्ट्री भी उनकी भरपाई करने में संघर्ष करती है।

सैन्य योजनाकारों का लंबे समय से तर्क रहा है कि तकनीकी रूप से एडवांस्ड दुश्मनों के खिलाफ युद्ध का फैसला न केवल बेहतर हथियारों से होता है, बल्कि उन्हें लगातार बनाने की क्षमता से भी होता है। कारखाने, सप्लाई चेन और औद्योगिक क्षमता भी एयरक्राफ्ट कैरियर और स्टील्थ फाइटर जितने ही महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं।

रूस लगभग निश्चित रूप से ईरान अभियान से मिले सबक का अध्ययन कर रहा है—इसलिए नहीं कि उसे कल अमेरिका से लड़ने की उम्मीद है, बल्कि इसलिए क्योंकि हर टकराव ताकत और कमजोरियों को उजागर करता है। अगर अमेरिका के हाई-एंड इंटरसेप्टर और सटीक हथियारों के भंडार को फिर से भरने में महीनों के बजाय साल लगते हैं, तो यह हर प्रतिद्वंद्वी की रणनीतिक गणना का हिस्सा बन जाता है।

इसका मतलब यह नहीं है कि अमेरिका अचानक सैन्य रूप से कमजोर हो गया है। उसके वैश्विक गठबंधन, परमाणु प्रतिरोधक क्षमता, नौसैनिक प्रभुत्व और वायु शक्ति कई मामलों में बेजोड़ हैं। लेकिन श्रेष्ठता अब केवल इस बात से नहीं मापी जाती कि आज सैन्य गोदामों में क्या है; यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि किसी गहन अभियान के बाद उन गोदामों को कितनी तेजी से फिर से भरा जा सकता है।

इसलिए, ईरान टकराव को तेहरान को हुए नुकसान के बजाय वॉशिंगटन में खड़े हुए सवालों के लिए ज्यादा याद किया जा सकता है। मॉस्को के लिए, सबक यह होने की संभावना नहीं है कि अमेरिका कमजोर है। सबक यह है कि अमेरिका, हर आधुनिक सेना की तरह, अपनी सीमाएं रखता है। ये सीमाएं तब दिखाई देती हैं जब भंडार कम हो जाते हैं और उत्पादन युद्ध के मैदान की मांग के साथ तालमेल बिठाने के लिए संघर्ष करता है। इतिहास बताता है कि बड़ी ताकतों की परीक्षा न केवल उनकी जीतों से होती है, बल्कि उन जीतों की कीमत से भी होती है। हो सकता है कि ईरान युद्ध उन अहम पलों में से एक साबित हो—जो प्रतिद्वंद्वियों को अमेरिका की टिके रहने की क्षमता का फिर से आकलन करने पर मजबूर करे और वॉशिंगटन को यह सोचने पर विवश करे कि क्या उसका मिलिट्री-इंडस्ट्रियल बेस अगले, और शायद कहीं ज्यादा बड़े, संघर्ष के लिए तैयार है।

ईरान युद्ध का सबसे खतरनाक नतीजा शायद मिडिल ईस्ट में न हो। यह नतीजा उन रणनीतिक निष्कर्षों में हो सकता है जो मॉस्को, बीजिंग और हर उस डिफेंस हेडक्वार्टर में निकाले जा रहे हैं, जो अमेरिका की मिसाइल इन्वेंट्री पर उतनी ही बारीकी से नजर रखे हुए हैं जितनी कि युद्ध के मैदान में उसकी सफलताओं पर।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 गुरूवार, 06 अगस्त 2026



पेज 12 प्रधानमंत्री मोदी से मिले तरुण चुग, विकसित...

# मनीमाजरा एसएचओ पर रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप, सीबीआई ने डीजीपी-एसएसपी को भेजी कथित रिकॉर्डिंग; कार्रवाई पर उठे सवाल

## मोटर मार्केट स्थित शराब ठेकेदार से ₹1 लाख मासिक और दो पेटी विदेशी शराब मांगने का आरोप

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/05 अगस्त। चंडीगढ़ पुलिस एक बार फिर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के कारण सुर्खियों में है। मनीमाजरा थाना प्रभारी (एसएचओ) मनिंदर सिंह पर मोटर मार्केट स्थित एक शराब ठेकेदार से हर महीने ₹1 लाख नकद और दो पेटी विदेशी शराब की कथित मांग करने के आरोप लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग, पेन ड्राइव और बातचीत की ट्रांस्क्रिप्ट चंडीगढ़ पुलिस के डीजीपी और एसएसपी को भेजते हुए संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की है।



### मंथली बढ़ाने के बाद विवाद शुरू

सूत्रों के मुताबिक शिकायतकर्ता शराब ठेकेदार पहले भी कथित रूप से मासिक रकम देता था। आरोप है कि बाद में एसएचओ ने मंथली बढ़ाकर ₹1 लाख प्रतिमाह कर दी और साथ ही दो पेटी महंगी विदेशी शराब की भी मांग की। जब ठेकेदार ने इसे पूरा करने में असमर्थता जताई तो उसके बाद कथित तौर पर पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई। बताया जा रहा है कि शराब के ठेके के बाहर पुलिस नाका लगवा दिया गया, जिससे ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होने लगी। ठेकेदार का आरोप है कि उसे आर्थिक और प्रशासनिक दबाव में लाने का प्रयास किया गया। लगातार परेशानी के बाद उसने सीबीआई से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई।

### सीबीआई ने की रिकॉर्डिंग, ट्रैप की भी बनाई योजना

सूत्रों के अनुसार शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने कथित बातचीत की रिकॉर्डिंग की और ट्रैप की योजना बनाई। हालांकि निर्धारित समय पर शिकायतकर्ता रकम लेकर नहीं पहुंच पाया, जिसके कारण ट्रैप सफल नहीं हो सका। इसके बावजूद एजेंसी ने अपने पास उपलब्ध कथित रिकॉर्डिंग, पेन ड्राइव और बातचीत की ट्रांस्क्रिप्ट वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भेज दी। बताया जा रहा है कि सीबीआई के डीआईजी स्तर के अधिकारी ने करीब 15 दिन पहले डीजीपी और एसएसपी को पत्र लिखकर मामले में आवश्यक विभागीय कार्रवाई करने की सिफारिश भी की थी।

### 15 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं, उठ रहे सवाल

सूत्रों का दावा है कि कथित साक्ष्य भेजे जाने के बावजूद अब तक संबंधित एसएचओ मनिंदर के खिलाफ कोई सार्वजनिक अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। इसे लेकर पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस महकमे में चर्चा है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएचओ को लाइन हाजिर किए जाने की तैयारी चल रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

### भ्रष्टाचार के मामलों से पहले भी घिर चुकी है चंडीगढ़ पुलिस

पिछले कुछ महीनों में चंडीगढ़ पुलिस के कई अधिकारी सीबीआई की कार्रवाई का सामना कर चुके हैं। हाल ही में बापूधाम पुलिस चौकी के तत्कालीन इंचार्ज इंस्पेक्टर सुरेश कुमार और एएसआई भगत सिंह को कथित रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले 31 मार्च 2026 को सेक्टर-26 सब्जी मंडी के बीट इंचार्ज हेड कांस्टेबल सुनील यादव तथा 6 जून 2026 को सेक्टर-39 के तत्कालीन एएसआई हितेश कुमार भी रिश्वत के मामलों में सीबीआई के शिकंजे में आ चुके हैं। लगातार सामने आ रहे इन मामलों ने चंडीगढ़ पुलिस की छवि पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि मनीमाजरा एसएचओ के खिलाफ लगाए गए आरोपों की पुष्टि होती है तो यह पुलिस विभाग के लिए एक और बड़ा झटका माना जाएगा।

# 12 अगस्त को होशियारपुर में होगा 'एक शाम भगवान शिव के नाम' कार्यक्रम, ज़िम्पा ने अरविंद केजरीवाल से की मुलाकात

## मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत वृंदावन-मथुरा, हरिद्वार और श्री सालासर बालाजी के लिए बसों को दिखाई जाएगी हरी झंडी

दलजीत अजनोहा

होशियारपुर//यूटर्न/05 अगस्त। विधायक ब्रम शंकर जिंपा ने आज नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कन्वीनर अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करके 12 अगस्त को होने वाले एक शाम भगवान शिव के नाम और अलग-अलग धार्मिक स्थलों के लिए बसें रवाना करने के कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया। अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद विधायक ब्रम शंकर जिंपा ने कहा के पंजाब सरकार द्वारा 12 अगस्त को होशियारपुर में ह्यएक शाम भगवान शिव के नाम'कार्यक्रम आयोजित करेगी, जिसमें मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल श्रद्धालुओं के रूप में शामिल होंगे। इसी दिन मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत वृंदावन, मथुरा, हरिद्वार, श्री सालासर बालाजी तथा अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए बसों को हरी झंडी भी दिखाएंगे, जिससे श्रद्धालु नि:शुल्क तीर्थ यात्रा कर सकेंगे।



जिम्पा ने बताया कि उन्होंने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर 12 अगस्त को होने वाले भव्य धार्मिक कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि 'एक शाम शिव के नाम' कार्यक्रम को लोगों द्वारा बहुत सराहा जा रहा है। जिम्पा ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना सरकार की सबसे सराहनीय पहलों में से एक बन चुकी है, जिसके माध्यम से श्रद्धालु सम्मान और सुविधा के साथ पवित्र धार्मिक स्थलों की यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना ने उन लोगों का सपना पूरा किया है जो आर्थिक कारणों से तीर्थ यात्रा नहीं कर पाते थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देकर शासन व्यवस्था में व्यापक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त और जन-केंद्रित शासन का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। जिम्पा ने विश्वास व्यक्त किया कि 12 अगस्त के कार्यक्रम होशियारपुर के लिए यादगार साबित होंगे। उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होकर इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

# हरियाणा के हर जिले में बनेंगे 'वेस्ट टू वंडर पार्क', शहरों के सौंदर्यीकरण पर सरकार का फोकस

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार प्रदेश के हर जिले में 'वेस्ट टू वंडर पार्क' विकसित करेगी। स्थानीय निकाय एवं राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि ठोस अपशिष्ट का बेहतर उपयोग हो और शहरों का सौंदर्यीकरण किया जा सके। यह निर्देश उन्होंने अर्बन चैलेंज फंड के तहत प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान दिए।



मंत्री ने बताया कि गुरुग्राम में विकसित किए जा रहे वेस्ट टू वंडर पार्क की तर्ज पर अन्य नगर निकायों में भी ऐसे पार्क बनाए जाएंगे। इसके अलावा शहरी सब्जी मंडियों में मल्टीलेवल पार्किंग, पुराने नगर निगम कार्यालयों को व्यावसायिक परिसरों में बदलने तथा एचएसवीपी क्षेत्रों और गुरुग्राम की पुरानी कॉलोनियों में पेयजल व्यवस्था मजबूत करने के लिए भी योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पंचकूला के नग्गल में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जगाधरी में पुराने नगर निगम कार्यालय की जगह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स व कन्वेंशन सेंटर तथा पानीपत में अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र (एसटीपी) स्थापित करने के प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। वहीं फरीदाबाद में अरावली गोल्फ कोर्स के उन्नयन, मल्टीलेवल पार्किंग, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स और गोंची ड्रेन व बुढ़िया नाले के विकास को लेकर भी अधिकारियों के साथ विस्तृत मंथन किया गया।

# रयोटो इलेक्ट्रिक्स का लुधियाना में पंजाब के पहले शोरूम का शुभारंभ, राजेश आहूजा बने पहले ग्राहक

लुधियाना/यूटर्न/5 अगस्त। भारत की तेजी से बढ़ती इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर निमार्ता कंपनी रयोटो इलेक्ट्रिक्स ने अल्फा ईवी मोटर्स के साथ साझेदारी में लुधियाना में अपने एक्सक्लूसिव इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर शोरूम की शुरूआत की है। उन्होंने लुधियाना के बाड़ेवाल रोड में पंजाब के पहले शोरुम का शुभारंभ किया है। कंपनी का दावा है कि यह कदम पंजाब में टिकाऊ, किफायती और आधुनिक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। शोरुम के उद्घाटन के बाद पहले रविवार को ही राजेश आहूजा उनके पहले ग्राहक बने। उनकी ओर से इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदी गई। इस दौरान राजेश आहूजा ने मीडिया से कहा कि उन्हें कंपनी द्वारा दी जा रही सुविधा और उक्त आधुनिक मॉडल से तैयार स्कूटी बेहद पसंद आई। जिसके चलते उन्होंने इसे खरीदा है। राजेश आहूजा की ओर से सोमवार को इसकी डिलिवरी भी ले ली। जिनकी ओर से कंपनी को अच्छा प्रोडक्ट बनाने का फीडबैक भी दिया है। रयोटो इलेक्ट्रिक्स की ओर से बताया गया कि कंपनी वर्तमान में लो-स्पीड और हाई-स्पीड श्रेणी में 12 इलेक्ट्रिक मॉडल पेश कर रही है, जो शहरों में रोजाना आवागमन से लेकर लंबी दूरी की यात्रा तक ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। कंपनी राज्यभर में करीब 500 फ्रेंचाइजी आउटलेट स्थापित करने जा रही है।



## मुकंदपुर पंचायत ने मेडिकल कंपनी पर लगाया पंचायत भूमि पर कब्जे का आरोप, SHO से कार्रवाई की मांग

डेराबस्सी/यूटर्न/05 अगस्त। डेराबस्सी ब्लॉक के गांव मुकंदपुर की ग्राम पंचायत ने एक मेडिकल कंपनी पर पंचायत की जमीन पर नियमों की अनदेखी कर कब्जा करने की कोशिश और गांव की नदी पर अवैध बांध बनाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पंचायत ने इस संबंध में डेराबस्सी थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में पंचायत ने आरोप लगाया है कि गांव की पंचायत भूमि पहले तीन वर्ष के लिए कथित तौर पर पिछली पंचायत की मिलीभगत से अलैजर मेडिकल सिस्टम्स लिमिटेड को ठेके पर दी गई थी।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Warranty और Guarantee में क्या अंतर है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

जब भी हम Mobile, TV, Refrigerator, AC या कोई अन्य सामान खरीदते हैं, तो अक्सर Warranty या Guarantee जैसे शब्द सुनने को मिलते हैं। बहुत से लोग इन दोनों को एक ही समझते हैं, जबकि दोनों का अर्थ अलग होता है।

Guarantee का मतलब आमतौर पर यह होता है कि यदि तय अवधि के भीतर उत्पाद में कोई निर्धारित खराबी आती है, तो कंपनी उसे बदल सकती है या पूरा पैसा वापस कर सकती है। हालांकि, यह कंपनी की शर्तों पर भी निर्भर करता है।

दूसरी ओर, Waranty का मतलब यह नहीं होता कि हर खराब उत्पाद बदला ही जाएगा। आमतौर पर Warranty के दौरान कंपनी उत्पाद की Repair करती है या खराब Part को बदल देती है। कई मामलों में पूरा उत्पाद बदलना Warranty का हिस्सा नहीं होता।

यही कारण है कि कोई भी सामान खरीदने से पहले केवल Warranty या Guarantee की अवधि देखना ही पर्याप्त नहीं है। यह भी पढ़ना जरूरी है कि उसमें क्या-क्या शामिल है और किन परिस्थितियों में दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उदाहरण के लिए, यदि Mobile फोन पानी में गिरने से खराब हो गया और Warranty की शर्तों में Water Damage शामिल नहीं है, तो कंपनी मुफ्त Repair देने के लिए बाध्य नहीं होगी।

इसी तरह, यदि किसी उत्पाद का Seal तोड़ दिया गया हो, अनधिकृत व्यक्ति से Repair करवा लिया गया हो या उसका गलत उपयोग किया गया हो, तो भी Warranty का लाभ नहीं मिल सकता।

इसलिए सामान खरीदते समय Invoice, Warranty Card और कंपनी द्वारा दी गई शर्तों को सुरक्षित रखें। भविष्य में किसी विवाद की स्थिति में यही दस्तावेज सबसे महत्वपूर्ण साबित होते हैं।

निष्कर्ष: Warranty और Guarantee एक जैसी नहीं हैं। कोई भी उत्पाद खरीदते समय केवल '2 साल की Warranty' या '5 साल की Guarantee' देखकर निर्णय न लें। पहले यह समझें कि कंपनी वास्तव में किस बात की जिम्मेदारी ले रही है।

# भाजपा में बगावत, आप-कांग्रेस भी हमलावर: 227 करोड़ की जल परियोजना पर नगर निगम में महासंग्राम

### 15 टेबल एजेंडे रद्द करने की मांग, मेयर की कार्यशैली पर अपनी ही पार्टी के पार्षदों ने उठाए सवाल

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/05 अगस्त। चंडीगढ़ नगर निगम की 31 जुलाई को हुई 363वीं जनरल हाउस बैठक में 227.70 करोड़ रुपये की जलापूर्ति परियोजना को टेबल एजेंडे के माध्यम से मंजूरी दिए जाने का मामला अब बड़े राजनीतिक विवाद में बदल गया है। इस मुद्दे पर पहली बार सत्तारूढ़ भाजपा के भीतर ही खुली नाराजगी सामने आई है। भाजपा के कई पार्षद अपनी ही पार्टी के मेयर सौरभ जोशी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए सदन में पारित सभी 15 टेबल एजेंडों को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने पूरे मामले की शिकायत पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी प्रशासक से कर दी है, जबकि कांग्रेस ने भी टेबल एजेंडे की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए इसमें व्यापक सुधार की मांग की है। इस घटनाक्रम ने नगर निगम की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता और करोड़ों रुपये के वित्तीय प्रस्तावों को टेबल एजेंडे के माध्यम से पारित करने की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।





**भाजपा पार्षदों ने खोला मोर्चा, कमिश्नर से की मुलाकात...**मंगलवार को सीनियर डिप्टी मेयर जसमन प्रीत सिंह, पार्षद अनूप गुप्ता, कंवरजीत सिंह राणा, राजिंद्र शर्मा, पूनम तथा भाजपा नेता जगतार सिंह जग्गा ने नगर निगम आयुक्त अमित कुमार से मुलाकात कर 31 जुलाई को पारित सभी 15 टेबल एजेंडों को निरस्त करने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि 227.70 करोड़ रुपये जैसी विशाल परियोजना को बिना विस्तृत चर्चा के पारित कराया गया, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था और पारदर्शिता दोनों के विपरीत है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बुधवार तक एजेंडे वापस नहीं लिए गए तो निगम कार्यालय के बाहर धरना दिया जाएगा।

**क्या छिपाया गया था 227 करोड़ का प्रस्ताव?...**भाजपा पार्षदों का आरोप है कि कजौली वाटर वर्क्स से सेक्टर-39 वाटर वर्क्स तक फेज-3 के तहत 27 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बदलने की 227.70 करोड़ रुपये की परियोजना का वास्तविक वित्तीय विवरण एजेंडे के पहले पृष्ठ पर नहीं था। उनका कहना है कि राशि दूसरे पृष्ठ के बीच में लिखी गई थी, जिसके कारण अधिकांश पार्षदों को परियोजना की वास्तविक लागत का अंदाजा ही नहीं लग पाया और प्रस्ताव अन्य टेबल एजेंडों के साथ बिना चर्चा के पारित मान लिया गया।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### नारी शक्ति की नई उड़ान

एक समय था जब लड़कियाँ स्कूल के वॉशरूम तक अकेले जाने में संकोच करती थीं। वे अपनी सहेली से कहती थीं कि क्या तुम मेरे साथ चलोगी? मुझे अकेले जाते हुए थोड़ी शर्म आती है। यह केवल झिझक नहीं थी, बल्कि उस समय का सामाजिक वातावरण और परवरिश भी इसका कारण था। लेकिन आज समय पूरी तरह बदल चुका है। आधुनिक युग की बेटियाँ मानसिक रूप से पहले से कहीं अधिक मजबूत, आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर बन गई हैं। आज वे बिना किसी डर के अकेले देश-विदेश की यात्राएँ करती हैं और अपने सपनों को साकार करने का साहस रखती हैं। कोई युवती रेलगाड़ी की लोको पायलट बनकर हजारों यात्रियों को सुरक्षित मंज़िल तक पहुँचाती है, तो कोई आसमान में विमान उड़ाकर अपनी प्रतिभा का परिचय देती है। विज्ञान, सेना, खेल, राजनीति, शिक्षा और अंतरिक्ष जैसे हर क्षेत्र में महिलाएँ अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। यह परिवर्तन केवल महिलाओं की नहीं, बल्कि पूरे समाज की प्रगति का प्रतीक है। जब बेटियों को समान अवसर, शिक्षा और विश्वास मिलता है, तब वे अपनी क्षमता से हर चुनौती को पार कर सकती हैं। आज की नारी यह सिद्ध कर चुकी है कि यदि उसे अवसर मिले, तो उसके सपनों की उड़ान की कोई सीमा नहीं होती।

# चेन स्नैचिंग केस में पुलिस की कहानी कोर्ट में नहीं टिक सकी, दो आरोपी बरी

### शिकायतकर्ता ने अदालत में आरोपियों की पहचान से किया इनकार, कहा- पुलिस ने खाली कागजों पर कराए थे हस्ताक्षर, सबूतों के अभाव में मिला संदेह का लाभ

मोहाली/यूटर्न/05 अगस्त। करीब छह वर्ष पुराने चेन स्नैचिंग के मामले में मोहाली पुलिस को अदालत में बड़ा झटका लगा है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने पर्याप्त साक्ष्य पेश न किए जाने और शिकायतकर्ता के अपने ही बयान से मुकर जाने के बाद दोनों आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। अदालत में सुनवाई के दौरान पुलिस यह साबित नहीं कर सकी कि गुरिंदर सिंह प्रीत और जगविंदर सिंह उर्फ जोती ने ही शिकायतकर्ता की सोने की चेन झपटने की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में सबसे बड़ा मोड़ तब आया, जब शिकायतकर्ता ने अदालत में दोनों आरोपियों की पहचान करने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, उसने यह भी कहा कि पुलिस के समक्ष उसने ऐसा कोई बयान नहीं दिया था, जिसमें आरोपियों को वारदात के लिए जिम्मेदार बताया गया हो। शिकायतकर्ता के अनुसार पुलिस ने उससे खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए थे। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों को अपराध से जोड़ने वाला कोई ठोस और विश्वसनीय साक्ष्य पेश करने में पूरी तरह विफल रहा। शिकायतकर्ता की कथित सोने की चेन का खरीद बिल भी न तो पुलिस जांच के दौरान और न ही अदालत में पेश किया गया। ऐसे में संदेह का लाभ देते हुए दोनों आरोपियों को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया।

#### यह था पुलिस का दावा

पुलिस के अनुसार 24 जुलाई 2020 को सिटी कुराली थाने के एएसआई केसर सिंह गश्त पर थे। इसी दौरान मीना सिंगला और उनके बेटे आदित्य सिंगला ने शिकायत दी कि शाम करीब 8 :15 बजे सब्जी मंडी से एक्टिवा पर लौटते समय स्नूपी फैशन प्वाइंट के पास बाइक सवार तीन युवकों ने करीब चार तोले की सोने की चेन झपटने का प्रयास किया। शिकायतकर्ता ने चेन पकड़ ली, जिससे आरोपी उसका केवल एक हिस्सा ही तोड़ सके। पुलिस के मुताबिक पीछा करने पर एक आरोपी गुरिंदर सिंह को पकड़ लिया गया था, लेकिन वह बाद में भाग निकला। घटनास्थल पर उसका मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल छूट गई थी। इसी आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ तत्कालीन धारा 379-बी और 34 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था। हालांकि अदालत में पुलिस इस कहानी को साक्ष्यों के आधार पर साबित नहीं कर सकी।

## पार्टी के दौरान विवाद बना जानलेवा, ईंटों से कुचलकर युवक की हत्या

डेराबस्सी/यूटर्न/05 अगस्त। डेराबस्सी ब्लॉक के गांव खेड़ी में मामूली कहासुनी ने एक युवक की जान ले ली। फैक्ट्री में साथ काम करने वाले दो प्रवासी मजदूरों के बीच पार्टी के दौरान हुए विवाद में एक युवक ने दूसरे के सिर पर ईंटों से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। मृतक की पहचान चंद्र भूषण गिरी उर्फ सुभाष (26) पुत्र प्रमोद गिरी, मूल निवासी बिहार और वर्तमान निवासी गांव सुंडरा के रूप में हुई है।

# धनानसू में साइकिल निर्यात को बढ़ावा देने पर मंथन, वैश्विक गुणवत्ता मानकों पर दिया जोर

लुधियाना/यूटर्न/05 अगस्त। धनानसू स्थित हीरो साइकिल परिसर में यूनाइटेड फ्रंट के सहयोग से ऑल इंडिया साइकिल मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन (अक्कएअ) द्वारा साइकिल निर्यात को लेकर एक महत्वपूर्ण सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार का उद्देश्य निर्यात के दौरान आने वाली चुनौतियों, उनके समाधान और भारतीय साइकिल उद्योग को वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने पर चर्चा करना था।



वक्ताओं ने कहा कि यूरोप, कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे देशों में भारतीय साइकिल उद्योग के लिए बेहतर अवसर मौजूद हैं। ऐसे में उत्पादों की गुणवत्ता, अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन और उत्पादन क्षमता बढ़ाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता भारतीय उद्योग की वैश्विक साख को प्रभावित कर सकता है। बैठक में उद्योग से जुड़ी समस्याओं, निर्यात बढ़ाने की संभावनाओं और आपसी सहयोग से नए बाजार विकसित करने पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर एवन ग्रुप के उकार सिंह पाहवा, हीरो साइकिल के आदित्य मुंजाल, हीरो इकोटेक के गौरव मुंजाल, रालसन टायर के संजीव पाहवा, ईस्टमैन ग्रुप के जगदीश राय सिंगला सहित बड़ी संख्या में उद्योगपति मौजूद रहे। सभी ने भारतीय साइकिल उद्योग को विश्व स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।

# चोरी और लूटपाट करने वाले गिरोह का पदार्फाश, चार आरोपी गिरफ्तार

## लुधियाना सदर पुलिस की कार्रवाई, आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन बरामद

नवीन गोगना

लुधियाना/यूटर्न/05 अगस्त। थाना सदर लुधियाना पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी और लूटपाट की वारदातों को अंजाम देने वाले एक गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पुनीत कुमार पुत्र प्रकाश महतो, राजीव कुमार पुत्र विनोद महतो, अताउल शेख पुत्र मंसूर शेख और उमेश कुमार पुत्र ईश्वर नारायण महतो के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार 4 अगस्त 2026 को थाना सदर लुधियाना की पुलिस पार्टी को सूचना मिली थी कि उक्त चारों आरोपी मोबाइल फोन चोरी और लूटपाट की वारदातों को अंजाम देते हैं।




सूचना के मुताबिक आरोपी डी-मार्ट, गांव संगोवाल, लुधियाना के पीछे बनी कॉलोनी में स्थित एक खाली मकान में चोरी व लूटपाट के मोबाइल फोन बेचने की फिराक में बैठे थे। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना सदर लुधियाना में मुकदमा नंबर 208, दिनांक 04-08-2026, धारा 303(2), 304 और 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी पुनीत कुमार मूल रूप से वार्ड नंबर 05, गांव विष्णुपुराधार, थाना कनौली, जिला सीतामढ़ी, बिहार का रहने वाला है और वर्तमान में कामाख्या चौक, लुधियाना में रह रहा था।

राजीव कुमार मूल निवासी वार्ड नंबर 08, गांव महेशर, पोस्ट ऑफिस भुतही, थाना सोनबरसा, जिला सीतामढ़ी, बिहार है और कामाख्या चौक, लुधियाना में किराये पर रह रहा था। अताउल शेख वार्ड नंबर 07, गांव विष्णुपुर आपार, पोस्ट ऑफिस अररिया, थाना कनौली, जिला सीतामढ़ी, बिहार तथा उमेश कुमार वार्ड नंबर 02, गांव इनरवा, पोस्ट ऑफिस अररिया, थाना कनौली, जिला सीतामढ़ी, बिहार का रहने वाला है।

# 66 हजार रुपये रिश्वत लेते रेलवे का सीनियर सेक्शन इंजीनियर गिरफ्तार

जालंधर/यूटर्न/05 अगस्त। जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेलवे के एक सीनियर सेक्शन इंजीनियर को 66 हजार रुपये की कथित रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पंजाब विजिलेंस की ओर से नहीं, बल्कि चंडीगढ़ से पहुंची सीबीआई टीम ने की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीबीआई इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह के नेतृत्व में टीम ने जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन स्थित ब्रिज वर्कशॉप में तैनात सीनियर सेक्शन इंजीनियर मिलिंद के खिलाफ ट्रैप कार्रवाई की।




आरोप है कि इंजीनियर ने रेलवे के ही एक ठेकेदार से किसी काम के बदले 66 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।

ठेकेदार ने इसकी शिकायत सीबीआई के चंडीगढ़ कार्यालय में की थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने प्राथमिक जांच करते हुए तथ्यों और साक्ष्यों को जुटाया। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई कर आरोपी इंजीनियर को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई टीम आरोपी को पूछताछ और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए अपने साथ चंडीगढ़ ले गई। आरपीएफ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रविंदर कुमार ने सीबीआई कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की विस्तृत जानकारी सीबीआई के चंडीगढ़ कार्यालय से ही मिल सकेगी।

# सिविल अस्पताल महिला स्टॉफ पर मरीज ने लगाए बदसलूकी के आरोप, हुआ हंगामा

लुधियाना/यूटर्न/5 अगस्त। सिविल अस्पताल में बुधवार दोपहर को एक महिला मुलाजिम पर मरीज ने बदसलूकी के आरोप लगाए। इस विवाद की एक वीडियो वायरल हुई है। मरीज के अनुसार वे लाइन में लगा था। उसने जब महिला कर्मचारी से अपना काम करने को कहा, तो उसने मरीज को डांटकर भगा दिया और कहा कि यह उसका काम नहीं है। जानकारी के मुताबिक समराला चौंक के रहने वाले बस ड्राइवर पम्मा को बिल्ली ने काटा था। इसका टीका लगवाने वह अस्पताल आया था। वह महिला कर्मी के पास मुहर लगवाने गया था। इसके बाद महिला ने मना कर दिया और कहीं और जाकर काम करवाने को कहा। मामले के तूल पकड़ने और वीडियो वायरल होने के बाद, अब आरोपी महिला कर्मचारी ने कैमरे के सामने आकर अपना पक्ष रखा है। महिला का कहना है कि वीडियो को बिना पूरी सच्चाई जाने वायरल किया गया है और वह इस मामले में पूरी तरह से बेकसूर है।



# 15 अगस्त को लेकर लुधियाना पुलिस अलर्ट मोड पर आई, एडीजीपी ने लिया जायजा



लुधियाना/यूटर्न/5 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर लुधियाना पुलिस अलर्ट मोड पर आ चुकी है। जिसके चलते पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जिसके चलते बुधवार को एडीजीपी सिक्योरिटी कौस्तुभ शर्मा लुधियाना पहुंचे। इस दौरान वे थाना जमालपुर गए और सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। जिसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन में अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर में लागू सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया और विभिन्न नाकों पर चल रही चेकिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा और एडीसीपी जश्नदीप सिंह गिल भी मौजूद थे। इस दौरान एडीजीपी शर्मा ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ढिलाई नहीं बरती जा रही है और पुलिस लगातार संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बनाए हुए है। शरारती और असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

# इंटरनेशनल स्कूल में अंतर कक्षा एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन



लुधियाना/यूटर्न/5 अगस्त। इंटरनेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, संजू नगर में अंतर कक्षा एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल डायरेक्टर बलविंदर सिंह संधू, हरमन सिंह संधू और स्कूल प्रबंधक मीनू मित्तल की अध्यक्षता में हुआ। यह प्रतियोगिता कक्षा छठी, सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए विभिन्न गीतों पर अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक मंडल में सुनीना और प्रभजोत ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।

# 2500 गांवों की आयुष्मान आरोग्य केंद्र डिस्पेंसरी रहेगी बंद

## कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स की हडताल, 10 अगस्त को चंडीगढ़ में करेंगे व्यापक रोष प्रदर्शन

अशोक सहगल

चंडीगढ़, यूटर्न 05 अगस्त। पंजाब में 2500 गांव की आयुष्मान आरोग्य केंद्र डिस्पेंसरी का कामकाज पूरी तरह ठप्प हो गया है।राज्य के करीब 2500 आयुष्मान आरोग्य केंद्रों में सेवा दे रहे कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स आज से पूरी हड़ताल पर चले गए हैं। इस वजह से पंजाब के हजारों गांवों में चल रहे आयुष्मान आरोग्य केंद्रों की सेवाओं पर असर पड़ा है। पूरे पंजाब के उल्ड ग्रुप्स ने अपने-अपने जिलों के सिविल सर्जन ऑफिस के सामने विरोध प्रदर्शन किया और पंजाब सरकार के खिलाफ जोरदार नारे लगाए।



यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार ने CHO के साथ धोखा किया है। कई राउंड की मीटिंग में सरकार ने सैलरी में ₹5000/- बढ़ाने का भरोसा दिया था, लेकिन इसे सैलरी में शामिल करने के बजाय 22/07/2026 को जारी लेटर के जरिए इंसेंटिव के तौर पर जारी कर दिया गया और इसमें एक बेंचमार्क कंडीशन जोड़ दी गई। इसके बाद 04/08/2026 को जारी नई गाइडलाइंस में और भी ऐसी कंडीशंस लगा दी गई हैं, जिन्हें पूरा करना लगभग नामुमकिन है। यूनियन का कहना है कि यह पूरा फैसला कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को असली फाइनेंशियल फायदों से दूर रखने की कोशिश है।

नेताओं ने कहा कि आज पूरे पंजाब में विरोध प्रदर्शन के दौरान नई जारी गाइडलाइंस की कॉपियां भी जलाई गई, ताकि सरकार की वादाखिलाफी और कर्मचारी विरोधी पॉलिसियों के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया जा सके। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि इन गाइडलाइंस का मकसद CHO के हितों की रक्षा करने के बजाय उनके अधिकारों को कमजोर करना है।

उन्होंने कहा कि यूनियन को शक है कि यह पॉलिसी उल्ड के हितों के खिलाफ सोच के साथ तैयार की गई है। यूनियन ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और अगर किसी अधिकारी या HWC के लीड कंसल्टेंट का कोई रोल है, तो उसकी भी जांच की जाए और सही एक्शन लिया जाए।

नेताओं ने कहा कि सैलरी में ₹5000/- की परमानेंट बढ़ोतरी, लॉयल्टी बोनस, उल्ड का रेगुलर कैडर मंजूर करना, सैलरी और इंसेंटिव को मर्ज करना समेत दूसरी मांगें अभी भी पेंडिंग हैं। यूनियन ने कई बार लिखकर मीटिंग के लिए समय मांगा है ताकि बातचीत से मसला हल हो सके, लेकिन सरकार और डिपार्टमेंट ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई। यूनियन ने ऐलान किया कि 10 अगस्त, 2026 को पूरे पंजाब से हजारों उल्ड नेशनल हेल्थ मिशन, पंजाब हेडक्वार्टर, चंडीगढ़ पर बड़ा प्रोटेस्ट करेंगे। अगर सरकार उसके बाद भी अपने वादे तोड़ती रही, तो संघर्ष और भी तेज किया जाएगा।

नेताओं ने कहा कि आज गांवों में 2500 आयुष्मान आरोग्य केंद्र डिस्पेंसरी बंद होना कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स की वजह से नहीं, बल्कि पंजाब सरकार की वादाखिलाफी और कर्मचारी विरोधी पॉलिसी की वजह से है। इससे पैदा हुई स्थिति और लोगों को होने वाली परेशानी के लिए पंजाब सरकार और हेल्थ डिपार्टमेंट पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे।

# जीएसटी व्यवस्था में सुधार की मांग, चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन ने शिकायत निवारण समिति को सौंपा ज्ञापन

## वार्षिक रिटर्न संशोधन, त्वरित रिफंड, तिमाही रिटर्न और डिजिटल पोर्टल सुधार सहित कई सुझाव दिए

चंडीगढ़/यूटर्न/05 अगस्त। चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन सेक्टर-17 ने जीएसटी प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से जीएसटी शिकायत निवारण समिति (जीएसटी सेंट्रल), चंडीगढ़ के समक्ष एक ज्ञापन सौंपकर कई महत्वपूर्ण सुधारों की मांग उठाई।



एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी और विधिक सलाहकार रजत मल्होत्रा ने समिति के समक्ष प्रस्तुत ज्ञापन में जीएसटी रिटर्न में वर्ष में एक बार संशोधन की सुविधा, एकीकृत जीएसटी रिटर्न प्रणाली, विलंब शुल्क एवं ब्याज के युक्तिसंगत निर्धारण, जीएसटी रिफंड के त्वरित एवं स्वचालित निपटारे, विलंबित रिफंड पर स्वत: ब्याज भुगतान तथा निर्यात रिफंड के लिए आवश्यक दस्तावेजों की संख्या कम करने की मांग की। साथ ही जीएसटी से जुड़े डिजिटल पोर्टलों के बेहतर एकीकरण का भी सुझाव दिया। एसोसिएशन ने मांग की कि 5 करोड़ तक के वार्षिक कारोबार वाले करदाताओं को तिमाही जीएसटी रिटर्न दाखिल करने और तिमाही आधार पर कर भुगतान की अनुमति दी जाए, ताकि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर अनुपालन का बोझ कम हो और उनकी कार्यशील पूंजी को मजबूती मिल सके। ज्ञापन में यह भी आग्रह किया गया कि जीएसटी शिकायत निवारण समिति की प्रत्येक बैठक से पहले पिछली बैठक की कार्यवाही और एक्शन टेकन रिपोर्ट सभी सदस्यों को उपलब्ध कराई जाए, जिससे व्यापार एवं उद्योग से जुड़े मुद्दों पर पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर कमलजीत सिंह पंछी और रजत मल्होत्रा ने विश्वास जताया कि इन सुधारों को लागू किए जाने से जीएसटी व्यवस्था अधिक प्रभावी, करदाता-अनुकूल और पारदर्शी बनेगी तथा देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और मजबूती मिलेगी।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले शहर में चलेगा 9 दिन का डीप क्लीनिंग अभियान

चंडीगढ़/यूटर्न/05 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के मद्देनजर नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने बुधवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर शहरव्यापी डीप क्लीनिंग अभियान की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



आयुक्त ने बताया कि 8 से 16 अगस्त, 2026 तक 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत पूरे शहर में विशेष डीप क्लीनिंग अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान शहर की सफाई, सौंदर्यीकरण, कचरा निष्पादन, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों के रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अमित कुमार ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चंडीगढ़ स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित दिखाई दे तथा शहर में देशभक्ति और नागरिक जिम्मेदारी की भावना झलके।

# बलटाना में सरकारी सड़क पर दो साल से निजी ताला! लोगों ने खोला मोर्चा, रास्ता खुलवाने की मांग

जीरकपुर/यूटर्न/05 अगस्त। जीरकपुर के बलटाना मेन बाजार स्थित वार्ड नंबर-5 में एक सरकारी सड़क पर पिछले करीब दो वर्षों से निजी ताला लगाए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद के अधीन आने वाले सार्वजनिक मार्ग को एक व्यक्ति ने निजी ताला लगाकर बंद कर रखा है, जिससे आम लोगों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई है।



स्थानीय निवासी सुरेंद्र कुमार, रजत शर्मा, संजीव धीमान, मनजीत सिंह, रमेश कुमार और सुल्तान सिंह ने बताया कि यह सड़क मेन बाजार में स्थित शोरूमों के पीछे से गुजरती है। नगर परिषद द्वारा इस मार्ग पर इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाई गई थीं और दोनों सिरों पर सुरक्षा गेट भी लगाए गए थे ताकि लोग सुविधा से इसका उपयोग कर सकें। आरोप है कि एक गेट पर निजी ताला लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया, जिसके चलते पिछले दो वर्षों से आम जनता इस सड़क का उपयोग नहीं कर पा रही है।

निवासियों का कहना है कि शाम के समय बलटाना मेन बाजार में भारी ट्रैफिक जाम लगता है। यदि यह सड़क खोल दी जाए तो वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को एक वैकल्पिक मार्ग मिल सकता है, जिससे मुख्य सड़क पर ट्रैफिक का दबाव काफी कम हो जाएगा। फिलहाल रास्ता बंद होने के कारण पूरा यातायात मुख्य मार्ग पर ही निर्भर है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क से सटे एक निजी रेस्टोरेंट की पिछली तरफ कथित रूप से अवैध अतिक्रमण किया गया है, जिससे सार्वजनिक मार्ग और अधिक प्रभावित हुआ है। उनका कहना है कि सार्वजनिक भूमि पर कब्जे और सड़क बंद होने की जानकारी प्रशासन को होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। क्षेत्रवासियों ने नगर परिषद जीरकपुर, स्थानीय वार्ड पार्षद और जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि सड़क सार्वजनिक संपत्ति है तो उस पर लगाया गया निजी ताला तत्काल हटाकर आम लोगों के लिए मार्ग बहाल किया जाए।

# राज्यव्यापी बहिष्कार के बीच CHC हठूर में सौंपा गया ज्ञापन

## मोबाइल भत्ता, यात्रा भत्ता, डिजिटल संसाधन और रिक्त पद भरने सहित कई मांगें दोहराईं

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/5/अगस्त। पंजाब भर में मल्टीपरपज हेल्थ वर्कर (फीमेल) एवं फीमेल सुपरवाइजर द्वारा चलाए जा रहे ऑनलाइन कार्य और अतिरिक्त सब सेंटर ड्यूटी के राज्यव्यापी बहिष्कार के बीच मंगलवार को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर (CHC) हठूर में कर्मचारियों ने चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनदीप सिंह विरदी को ज्ञापन सौंपकर लंबित सेवा संबंधी मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक सरकार और स्वास्थ्य विभाग की ओर से लिखित एवं ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक ऑनलाइन कार्य और अतिरिक्त सब सेंटर ड्यूटी का बहिष्कार जारी रहेगा।



कर्मचारियों ने बताया कि इससे पहले डायरेक्टर हेल्थ सर्विसेज पंजाब तथा जिला स्तर पर सिविल सर्जनों को भी ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। उनका कहना है कि कई दौर की बैठकों और पत्राचार के बावजूद मांगों का समाधान नहीं हुआ, जिसके बाद राज्य स्तर पर यह निर्णय लिया गया। महिला स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि वे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, परिवार कल्याण तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का नियमित संचालन कर रही हैं। इसके बावजूद कैडर के देय भत्ते, आवश्यक संसाधन और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं। उनका कहना है कि डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा लगातार बढ़ रहा है, लेकिन उसी अनुपात में संसाधन उपलब्ध नहीं कराए गए।

ज्ञापन में मोबाइल भत्ता और लंबित एरियर जारी करने, यात्रा, वर्दी, डाइट, ग्रामीण एवं शहरी भत्ते बहाल करने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए लैपटॉप, डोंगल, इंटरनेट और स्टेशनरी उपलब्ध कराने, व-हक्क तथा जन्म-मृत्यु ऑनलाइन प्रविष्टियों के लिए अलग मानदेय देने की मांग की गई। इसके अलावा फ्लू पोर्टल का कार्य कंप्यूटर सहायक से करवाने, अतिरिक्त सब सेंटर ड्यूटी के लिए टीए-डीए देने, RDK किट परीक्षण को प्रयोगशाला तक सीमित रखने तथा रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग भी दोहराई गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान जसविंदर कौर, अमरजीत कौर, करमजीत कौर, सरबजीत कौर, सुखवंत कौर, महिंदर कौर सहित बड़ी संख्या में मल्टीपरपज हेल्थ वर्कर (फीमेल) एवं फीमेल सुपरवाइजर उपस्थित थीं।

कर्मचारियों ने कहा कि उनका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित करना नहीं, बल्कि अपनी लंबित मांगों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द सकारात्मक और लिखित आश्वासन नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज करने पर विचार किया जाएगा।

# जीरकपुर में अवैध फार्म हाउस प्रोजेक्ट पर चला बुलडोजर, चारदीवारी ढहाई, रास्ता भी जेसीबी से खोदा

## एडीसी मोहाली को शिकायत के बाद नगर परिषद की बड़ी कार्रवाई, बिना मंजूरी प्लॉटिंग कर फार्म हाउस बेचने का आरोप





जीरकपुर/यूटर्न/05 अगस्त। जीरकपुर के भबात क्षेत्र से एयरपोर्ट रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर शंकर सिटी और नूर सिटी के पीछे अवैध रूप से विकसित किए जा रहे कथित फार्म हाउस प्रोजेक्ट पर नगर परिषद ने बड़ी कार्रवाई की। एडीसी मोहाली को मिली शिकायत के बाद नगर परिषद की इंफोर्समेंट टीम ने मौके पर पहुंचकर निमार्णाधीन फार्म हाउस की चारदीवारी ध्वस्त कर दी। साथ ही प्रोजेक्ट तक पहुंचने के लिए बनाए गए रास्ते को भी जेसीबी मशीन से गहरा खोद दिया गया, ताकि भविष्य में इसका उपयोग न हो सके।

जानकारी के अनुसार संबंधित क्षेत्र में फार्म हाउस के नाम पर जमीन बेचने के लिए बड़े स्तर पर विज्ञापन किए जा रहे थे। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि बिना किसी वैधानिक मंजूरी के जमीन की प्लॉटिंग कर खरीदारों को आकर्षित किया जा रहा है। शिकायत मिलने के बाद एडीसी मोहाली ने मामले की जांच के निर्देश दिए।

निर्देशों के बाद नगर परिषद जीरकपुर के बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड़ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पाया गया कि संबंधित परियोजना के लिए नगर परिषद से कोई स्वीकृति या भवन नक्शा मंजूर नहीं कराया गया था। इसके बाद टीम ने अवैध निमार्णाधीन चारदीवारी को गिरा दिया और फार्म हाउस तक जाने वाले रास्ते को भी जेसीबी से खोदकर बंद कर दिया। बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड़ ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में बिना अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों, फार्म हाउस, व्यावसायिक भवनों या अन्य अनधिकृत निर्माण के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नगर परिषद की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण और प्लॉटिंग करने वालों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रॉपर्टी में निवेश करने से पहले उसकी कानूनी स्थिति और संबंधित विभागों से मिली मंजूरियों की पूरी जांच अवश्य कर लें, ताकि भविष्य में आर्थिक नुकसान और कानूनी परेशानियों से बचा जा सके।

# वेतन न मिलने से वन कर्मियों का प्रदर्शन, जल्द भुगतान की उठाई मांग



डेराबस्सी/यूटर्न/05 अगस्त। बकाया वेतन जारी न होने और लंबित मांगों के समाधान को लेकर मंगलवार को डेराबस्सी स्थित वन रेंज कार्यालय के बाहर वन कर्मियों ने रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन पंजाब फॉरेस्ट वर्कर्स यूनियन के राज्य प्रधान अमरीक सिंह गढ़शंकर के आह्वान पर आयोजित किया गया। वन रेंज डेराबस्सी के नेताओं शिंदर सिंह और अमनदीप कराला के नेतृत्व में कर्मचारियों ने सरकार और विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लंबित वेतन तत्काल जारी करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची में मौजूद त्रुटियों को भी जल्द दूर कर संबंधित आदेश जारी किए जाएं। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो 10 अगस्त को प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट के कार्यालय, वन भवन, सेक्टर-68, मोहाली के बाहर धरना दिया जाएगा। प्रदर्शन में नत्थू खान, दिलावर खान, बलविंदर सिंह सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# जीरकपुर में पहली बार आइस ड्रग की खेप पकड़ी, एक आरोपित गिरफ्तार



जीरकपुर/यूटर्न/05 अगस्त। जीरकपुर पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पहली बार आइस ड्रग की खेप बरामद की है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में आइस ड्रग बरामद करने का दावा किया है। बरामद नशीले पदार्थ की बाजार कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई जा रही है।

# मरणोपरांत नेत्रदान से दो लोगों की जिंदगी में रोशनी, लालडू की पूनम बनीं प्रेरणा

लालडू/यूटर्न/05 अगस्त। भारत विकास परिषद, शाखा लालडू के सहयोग से 46 वर्षीय श्रीमती पूनम का मरणोपरांत नेत्रदान सफलतापूर्वक कराया गया। पीजीआई चंडीगढ़ से पहुंची चिकित्सकों की टीम ने दोनों नेत्र सुरक्षित प्राप्त किए, जिससे दो जरूरतमंद लोगों की आंखों की रोशनी लौटाने में मदद मिलेगी। श्रीमती पूनम ने जीवनकाल में नेत्रदान का संकल्प लिया था, जिसे उनके निधन के बाद परिजनों ने पूरा कर मानवता की मिसाल पेश की। इस अवसर पर परिवार के सदस्य राजेश कुमार, हितेश कुमार, वरुण कुमार, सागर, प्रेम कुमार और नरेश कुमार सहित अन्य परिजनों ने इस नेक कार्य में सहयोग दिया। भारत विकास परिषद के जिला संयोजक रघुनाथ नारंग और शाखा पदाधिकारियों ने परिवार का आभार व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



उन्होंने बताया कि शाखा की ओर से अब तक 64 मरणोपरांत नेत्रदान सफलतापूर्वक कराए जा चुके हैं। परिषद ने लोगों से अपील की कि वे मानव सेवा के लिए नेत्रदान का संकल्प लें, ताकि किसी जरूरतमंद के जीवन में फिर से उजाला लाया जा सके। परिषद ने संदेश दिया कि जीवन में रक्तदान और मरणोपरांत नेत्रदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है।

# 2027 चुनाव का बिगुल बजा: आनंदपुर साहिब में इखढ ने AAP की बैलेंसशीट पेश की अपनी और दावेदारी शुरू की

चंडीगढ़/यूटर्न/05 अगस्त। क्या BJP के पास कोई 'ट्रंप कार्ड' (बड़ा दांव) है? पार्टी कुछ ऐसा ही संकेत दे रही है। हालांकि, या तो यह ट्रंप कार्ड किसी को दिख नहीं रहा है या फिर इखढ इसे गुप्त रखे हुए है। भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने मंगलवार को ऐतिहासिक शहर आनंदपुर साहिब से 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए अपना अभियान औपचारिक रूप से शुरू किया। इस मौके का इस्तेमाल करते हुए पार्टी ने राज्य पर बढ़ते कर्ज, कर्मचारियों को महंगाई भत्ते (DA) के भुगतान में देरी और जिसे उसने 'प्रशासनिक विफलताएं' कहा, उन मुद्दों पर सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (AAP) पर तीखे हमले किए।

पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए BJP नेताओं ने कहा कि AAP सरकार के तहत पंजाब गहरे वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य का कर्ज तेजी से बढ़ा है जबकि विकास की गति धीमी हो गई है। उन्होंने दावा किया कि सरकार सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है, खासकर लंबित DA किस्तों को जारी करने के मामले में।

BJP ने भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार पर कृषि, उद्योग और रोजगार जैसे प्रमुख क्षेत्रों की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया।



पार्टी का तर्क है कि सुधार के बार-बार किए गए वादों के बावजूद पंजाब की अर्थव्यवस्था कमजोर हुई है। पार्टी नेताओं ने कहा कि राज्य को ऐसी सरकार की जरूरत है जो वित्तीय अनुशासन बहाल कर सके, निवेश आकर्षित कर सके और नौकरियां पैदा कर सके।

आनंदपुर साहिब से चुनावी अभियान की शुरूआत करते हुए BJP ने इस क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित किया और साथ ही पूरे राज्य में एक आक्रामक अभियान की शुरूआत का संकेत दिया। पार्टी ने कहा कि वह आने वाले महीनों में सभी 117 विधानसभा क्षेत्रों में अपने संगठनात्मक नेटवर्क को मजबूत करेगी।

वरिष्ठ BJP नेताओं ने कहा कि पार्टी अगले विधानसभा चुनाव अपने दम पर सरकार बनाने के मकसद से लड़ेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि AAP और कांग्रेस दोनों से जनता की नाराजगी ने BJP के लिए पंजाब में एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभरने का मौका पैदा किया है।

पार्टी ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग, संगठित अपराध और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से निपटने के अपने संकल्प को भी दोहराया और सत्ता में आने पर बेहतर शासन और तेज विकास का वादा किया।

BJP के अभियान की यह शुरूआत ऐसे समय में हुई है जब पंजाब में राजनीतिक दलों ने अगले साल की शुरूआत में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। सभी प्रमुख दल संगठनात्मक गतिविधियों और जनता तक पहुंच बढ़ाने के प्रयासों को तेज कर रहे हैं।

# CJP के सौरव दास का आरोप: 20 YouTubers उनके घर में घुस आए और वीडियो बनाए; कहा- 'मेरा परिवार खतरे में है'

चंडीगढ़/यूटर्न/05 अगस्त। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के प्रवक्ता सौरव दास ने बुधवार को आरोप लगाया कि उनके परिवार को ₹गंभीर सुरक्षा खतरा₹ है। उन्होंने कहा कि कई YouTubers और मीडियाकर्मी उनके घर के बाहर जमा हुए और घर के अंदर का वीडियो बनाया।

पर एक पोस्ट में, दास ने कहा कि इस तरह घर में घुसना निजता का गंभीर उल्लंघन है और इससे उनके परिवार की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई असामाजिक तत्व घर को निशाना बनाता है, तो घर के अंदर से वीडियो रिकॉर्ड करने और उसे फैलाने वाले लोग इसके लिए जिम्मेदार होंगे। दास के अनुसार, बुधवार सुबह उनके घर के बाहर लगभग 15 से 20 लोग जमा हुए थे, जबकि कुछ लोग पिछली रात से ही वहां मौजूद थे। उन्होंने दावा किया कि ऑनलाइन



शेयर किए जा रहे वीडियो से घर में रहने वाले सभी लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। दास, जो अभी CJP की दो दिन की रणनीति बैठक के लिए महाराष्ट्र में हैं, ने कहा कि उन्हें घर पर अपने परिवार के सदस्यों की सुरक्षा की चिंता है। उन्होंने उन वीडियो के लिंक भी शेयर किए जिनमें ouTubers को उनके घर के बाहर उनकी निजी ज़िंदगी, संपत्ति और दिल्ली के जंतर-मंतर पर हाल ही में हुए 36 दिन के छात्र विरोध प्रदर्शन में उनकी भूमिका के बारे में बात करते हुए दिखाया गया है। इन आरोपों पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी आईं। तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने कहा कि यह मामला संसद में उठाया जाएगा। AAP के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी प्रतिक्रिया दी और दास को निशाना बनाए जाने की आलोचना करते हुए इसे राजनीतिक डराने-धमकाने का उदाहरण बताया। दास द्वारा बताए गए YouTubers या अधिकारियों की ओर से उनके आरोपों पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, नगर निगम के मुख्य अभियंता ने वार्डवार समीक्षा बैठक की



चंडीगढ़/यूटर्न/05 अगस्त। नगर निगम चंडीगढ़ के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा ने बुधवार को वार्डवार विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं की समीक्षा के लिए पार्षदों एवं इंजीनियरिंग विंग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में वार्ड नंबर 7, 8, 11, 24, 25 और 26 में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का आकलन किया गया तथा विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में संबंधित वार्डों के पार्षद, कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) और नगर निगम की विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज, सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थानीय समस्याओं और लोगों की शिकायतों से अधिकारियों को अवगत कराया। मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा ने संबंधित अधिकारियों को सभी लंबित और निमार्णाधीन कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ उन्हें पूरा करने के निर्देश दिए।

# एनवायरमेंट एंड सोशल जस्टिस कमीशन ऑफ इंडिया ने पंजाब चैप्टर किया घोषित




चंडीगढ़/यूटर्न/05 अगस्त। एनवायरमेंट एंड सोशल जस्टिस कमीशन ऑफ इंडिया ने बुधवार को चंडीगढ़ में अपने पंजाब चैप्टर की घोषणा कर दी। इसके साथ ही कमीशन ने वर्ष 2026-27 का कार्य एजेंडा भी जारी कर दिया। इस अवसर पर कमीशन ने पंजाब को स्वच्छ, स्वस्थ और जलवायु-अनुकूल राज्य बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक न्याय को साथ लेकर चलने की प्रतिबद्धता दोहराई।कमीशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिल अरोड़ा ने पंजाब चैप्टर के चेयरमैन मनीष महाजन और फतेहगढ़ साहिब के जिला ऑर्डिनेटर शुभ गोयल को शपथ दिलाई इस समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी गजेंद्र फोगाट की मौजूदगी विशेष रूप से थी। पंजाब भाजपा की सचिव एकता नागपाल ने भी अपनी मौजूदगी और संबोधन से कमीशन को पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक न्याय के उद्देश्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया।

# नगर निगम का अतिक्रमण पर बड़ा अभियान, 105 चालान काटे; तीन ट्रक सामान जब्त



चंडीगढ़/यूटर्न/05 अगस्त। नगर निगम चंडीगढ़ ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान तेज करते हुए बुधवार को सेक्टर-45 (बुड़ैल), सेक्टर-20 और सेक्टर-26 ग्रेन मार्केट के बाहरी क्षेत्र में व्यापक कार्रवाई की। इस दौरान विभिन्न उल्लंघनों के लिए कुल 105 चालान किए गए, जबकि अतिक्रमण में इस्तेमाल किया गया तीन ट्रक सामान जब्त किया गया। नगर निगम की टीम ने सेक्टर-45 स्थित एकेआईएसपीएस स्कूल की पिछली दीवार के पास सार्वजनिक स्थान पर किए गए मैकेनिकों के अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई के दौरान कार जैक, इंजन, कार के दरवाजे, सीट कवर, पुराने टायर और वाहन मरम्मत में इस्तेमाल होने वाला अन्य सामान जब्त किया गया। इसके अलावा सार्वजनिक स्थान पर खड़े लावारिस और कबाड़ वाहनों को भी हटाया गया। वहीं, सेक्टर-20 के शोरूमों के पीछे चलाए गए अभियान में पुराने लकड़ी के बॉक्स, साइकिल काउंटर और अन्य अवैध रूप से रखे गए सामान को हटाकर सार्वजनिक स्थान खाली कराया गया। नगर निगम की टीम ने सेक्टर-26 ग्रेन मार्केट के बाहरी क्षेत्र में भी कार्रवाई करते हुए 18 अवैध रूप से खड़ी रेहड़ियों को हटाया। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जी.एच.जी अकादमी में रचनात्मकता और सामान्य ज्ञान का अनूठा संगम

## विद्यार्थियों ने प्रदर्शित की तार्किक व बौद्धिक प्रतिभा, रंगों के पैटर्न से लेकर लोगो पहचान तक

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/5/अगस्त। जी.एच.जी अकादमी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, तार्किक सोच और सामान्य ज्ञान को धार देने के लिए विशेष गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। विद्यालय में नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे बच्चों के लिए 'पैटर्न क्रिएशन' गतिविधि तथा कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर-हाउस 'चित्र/लोगो पहचान (जीके)' प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।







### रंगों और आकृतियों के जादू से खिले नन्हे चेहरे

प्राथमिक वर्ग (नर्सरी से यूकेजी) के नन्हे विद्यार्थियों के लिए आयोजित पैटर्न क्रिएशन गतिविधि का मुख्य उद्देश्य उनकी कल्पनाशक्ति और तार्किक क्षमता को परखना था। बच्चों ने रंगों, विभिन्न आकृतियों और वस्तुओं के बिखरे पैटर्न को बेहद करीने से पूरा किया। इस गतिविधि के माध्यम से न सिर्फ उनकी अवलोकन क्षमता और एकाग्रता बढ़ी, बल्कि उनके भीतर समस्या समाधान (प्रॉब्लम सॉल्विंग) का कौशल भी विकसित हुआ। छोटे बच्चों द्वारा रंगों के साथ किए गए इस सुंदर प्रयोग ने सभी का मन मोह लिया।

### सामान्य ज्ञान और त्वरित सोच का बेहतरीन परिचय

दूसरी ओर, कक्षा तीसरी से आठवीं के विद्यार्थियों के बीच आयोजित अंतर-हाउस चित्र/लोगो पहचान प्रतियोगिता ने बौद्धिक मुकाबले का एक शानदार माहौल तैयार किया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रतीकों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के लोगो, यातायात संकेतों, विभिन्न तकनीकी एवं शैक्षिक प्रतीकों के साथ-साथ पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण चिह्नों को चुटकियों में पहचान कर अपने उत्कृष्ट सामान्य ज्ञान का परिचय दिया।

### सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध है विद्यालय

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। विद्यालय प्रबंधन और अध्यापकों का मानना है कि इस प्रकार की अनुभवात्मक और गुणवत्तापूर्ण गतिविधियां किताबी ज्ञान से परे बच्चों के सर्वांगीण विकास में बेहद अहम भूमिका निभाती हैं। जी.एच.जी अकादमी हमेशा से ही विद्यार्थियों को लीक से हटकर कुछ नया सीखने और अपनी बहुमुखी प्रतिभा को निखारने का मंच प्रदान करती रही है।

# जीरकपुर की आकाश टावर सोसायटी में पार्किंग विवाद पहुंचा पुलिस तक, परिवार ने मांगी सुरक्षा

## कार को नुकसान और धमकाने के आरोप, दूसरे पक्ष ने कहा- 'विवाद खत्म हो चुका'; पुलिस करेगी प्रिवेंटिव कार्रवाई

जीरकपुर/यूटर्न/05 अगस्त। जीरकपुर की आकाश टावर सोसायटी में पार्किंग को लेकर शुरू हुआ विवाद अब पुलिस तक पहुंच गया है। एक परिवार ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों द्वारा उन्हें लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, उनकी कार को नुकसान पहुंचाया गया है और परिवार के सदस्यों को धमकियां दी जा रही हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस से पूरे परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, पार्किंग विवाद को लेकर वह पहले भी कई बार पुलिस से संपर्क कर चुके हैं। उन्होंने वीडियो, फोटो और



व्हाट्सएप चैट सहित कई दस्तावेजी साक्ष्य पुलिस को सौंपे हैं। उनका आरोप है कि सोसायटी में उनकी कार के आसपास लोहे के एंगल और सीमेंट के अवरोध लगाकर वाहन की आवाजाही बाधित की गई। परिवार का कहना है कि पहले भी उनकी कार को नुकसान पहुंचाया गया था, जिसकी सूचना पुलिस को दी जा चुकी है।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि परिवार के सदस्यों, विशेषकर महिलाओं, को डराने-धमकाने का प्रयास किया गया। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

# के-एरिया से बाउली साहिब तक अंधेरे में सड़क, बंद स्ट्रीट लाइटों से बढ़ी सुरक्षा की चिंता

जीरकपुर/यूटर्न/05 अगस्त। जीरकपुर में के-एरिया लाइट प्वाइंट से गुरुद्वारा बाउली साहिब तक सड़क किनारे लगी स्ट्रीट लाइटें पिछले कई दिनों से बंद पड़ी हैं। इससे पूरे मार्ग पर अंधेरा पसरा हुआ है और राहगीरों, विशेषकर महिलाओं व दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय सामाजिक संगठन टीम उरवा ने नगर परिषद पर शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है।

टीम उरवा के सदस्य एस.के. ढींगरा, रमेश धीमान, सतीश शर्मा, डॉ. अजय यादव, सुरेंद्र



सोंधी और कुलभूषण शर्मा ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत नहीं करवाई गई। उनका कहना है कि संबंधित सड़क लंबे समय से अंधेरे में डूबी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। संगठन के सदस्यों ने बताया कि इस मार्ग पर पहले भी शाम के समय स्नैचिंग और चोरी जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक नहीं कराया गया। उनका कहना है कि जहां से आबादी वाला क्षेत्र शुरू होता है, वहां लाइटें जल रही हैं, लेकिन के-एरिया लाइट प्वाइंट से गुरुद्वारा बाउली साहिब तक का हिस्सा पूरी तरह अंधेरे में है।

# रजिस्ट्री रिश्वत कांड में बड़े नेटवर्क की तलाश, सीनियर असिस्टेंट एक दिन के रिमांड पर

मोहाली/यूटर्न/05 अगस्त। डिप्टी कमिश्नर कार्यालय की आरआईए शाखा में तैनात सीनियर असिस्टेंट भूपिंदर कौर की गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस ब्यूरो ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। शुरूआती जांच में करोड़ों रुपये के कथित रजिस्ट्री उगाही रैकेट के संकेत मिलने के बाद एजेंसी अब पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। बुधवार को आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर विजिलेंस के हवाले कर दिया गया।

सूत्रों के अनुसार, विजिलेंस को संदेह है कि आरोपी अकेले काम नहीं कर रही थी। जांच में ऐसे इनपुट मिले हैं कि विवादित या अटकी हुई प्रॉपर्टियों की पहचान कर उन्हें खरीदारों तक पहुंचाया जाता था और फिर रजिस्ट्री करवाने के नाम पर मोटी रिश्वत वसूली जाती थी। अब इस पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य सरकारी कर्मचारियों, प्राइवेट व्यक्तियों और प्रॉपर्टी कारोबारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। विजिलेंस अधिकारियों का मानना है कि पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ में कई अहम खुलासे हो सकते हैं।

# साड़ी में करीना कपूर का ग्लैमरस अंदाज, तस्वीरों ने खींचा प्रशंसकों का ध्यान



बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर एक बार फिर अपने खूबसूरत और ग्लैमरस अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में सामने आई तस्वीर में करीना रंग-बिरंगी डिजाइनर साड़ी पहने नजर आ रही हैं। साड़ी के साथ उनका स्टाइलिश ब्लाउज, आकर्षक ज्वेलरी और हल्का मेकअप उनके लुक को और निखार रहा है। खुले बालों और आत्मविश्वास से भरे पोज में अभिनेत्री बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। सोशल मीडिया पर प्रशंसक उनके इस पारंपरिक लेकिन बोल्ड अंदाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी करीना की फिटनेस, फैशन सेंस और ग्लैमर लोगों को प्रभावित कर रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले तरुण चुग, विकसित भारत के विजन पर हुई चर्चा



नई दिल्ली/अमृतसर/यूटर्न/05 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान विकसित भारत के संकल्प, सुशासन, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। चुग ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनसेवा, संसदीय गरिमा और युवाओं से निरंतर संवाद बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

चुग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत रोजगार सृजन, कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है। उनके अनुसार पिछले एक दशक में करीब 17 करोड़ नए रोजगार सृजित हुए हैं, बेरोजगारी दर घटकर लगभग 3 प्रतिशत रह गई है और 101 करोड़ से अधिक नागरिक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, पीएम मुद्रा योजना, पीएलआई और विकसित भारत रोजगार योजना जैसी पहल युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर रही हैं।

खेलों के क्षेत्र का उल्लेख करते हुए चुग ने कहा कि खेलो इंडिया, फिट इंडिया, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (TOPS) और अन्य योजनाओं के कारण भारत का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का लक्ष्य शीघ्र साकार होगा और देश वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# रवनीत बिट्टू ने जालंधर में बने कूड़े के पहाड़ों पर उठाए सवाल, बोले- पंजाब को विज्ञापन नहीं साफ वातावरण चाहिए





जालंधर/यूटर्न/5 अगस्त। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने जालंधर में कूड़े की समस्या को लेकर पंजाब सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा है। उन्होंने शहर के डंपिंग ग्राउंड की स्थिति को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि विकास और बदलाव के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि शहर कूड़े के पहाड़ों के नीचे दबा हुआ है। रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि बारिश के बाद डंपिंग ग्राउंड की हालत और खराब हो गई है। कूड़े के ढेर जहरीले कीचड़ में बदल चुके हैं, जहां बदबू और प्रदूषण के कारण लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हजारों मजदूर ऐसे खतरनाक माहौल में काम करने को मजबूर हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से सिर्फ विज्ञापनों में बदलाव दिखाया जा रहा है, जबकि शहरों की वास्तविक स्थिति इसके उलट है। उन्होंने निगम अफसरों और मेयर पर लापरवाही का आरोप लगाया। बिट्टू ने कहा कि पंजाब के लोगों को कागजों और विज्ञापनों में विकास नहीं, बल्कि बेहतर सफाई व्यवस्था और स्वस्थ जीवन चाहिए।

## चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर के छात्रों ने ग्रेवाल आई इंस्टीट्यूट मेडिसिटी में समझी हेल्थकेयर आर्किटेक्चर की बारीकियां



चंडीगढ़/यूटर्न/05 अगस्त। चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर (सीसीए) के विद्यार्थियों ने बुधवार को न्यू चंडीगढ़ स्थित ग्रेवाल आई इंस्टीट्यूट (जीईआई) मेडिसिटी का शैक्षणिक दौरा कर आधुनिक हेल्थकेयर आर्किटेक्चर की बारीकियों को करीब से समझा। दौरे का उद्देश्य छात्रों को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की डिजाइन, स्पेस प्लानिंग और निर्माण प्रक्रिया से व्यावहारिक रूप से परिचित कराना था।

सीसीए की प्रिंसिपल डॉ. संगीता बहगा के नेतृत्व में पहुंचे विद्यार्थियों ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें बताया गया कि किस प्रकार अस्पताल की वास्तुकला क्लीनिकल दक्षता, मरीजों की सुविधा और विभिन्न विभागों के बीच सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

संस्थान के डिजाइन और निर्माण की निगरानी करने वाले आर्किटेक्ट जग राज ने छात्रों को इंटरैक्टिव वॉकथ्रू कराया। उन्होंने अस्पताल की डिजाइन फिलॉसफी, स्पेस प्लानिंग, सस्टेनेबल फीचर्स और निर्माण से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक हेल्थकेयर भवनों में मेडिकल वर्कफ्लो, सौंदर्य, सुगम पहुंच और मरीज-केंद्रित डिजाइन का संतुलन बेहद जरूरी होता है।

## NRI शादी, दहेज और विदेश के सपनों का टूटता रिश्ता: कनाडा बैठे पति पर एकतरफा तलाक भेजने का आरोप

जीरकपुर /यूटर्न/05 अगस्त। विदेश में बसने के सपनों के साथ हुई एक NRI शादी आखिरकार पुलिस केस तक पहुंच गई। मोहाली की एक एमए पास युवती ने आरोप लगाया है कि शादी के कुछ ही दिनों बाद दहेज में बड़ी कार की मांग को लेकर उसका वैवाहिक जीवन टूटने लगा। कनाडा में रहने वाले पति ने पहले उसे विदेश बुलाने का भरोसा दिया, लेकिन बाद में कथित रूप से गलत दस्तावेज भेजकर उसका वीजा आवेदन खारिज करवा दिया। इतना ही नहीं, वर्ष 2026 में कनाडा से बिना उसकी सहमति के एकतरफा तलाक भेज दिया। डीजीपी पंजाब को दी गई शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पति करमपाल गिल समेत ससुराल पक्ष के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे घटनाक्रम और लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर गुजरात के आणंद में होगा भव्य सामाजिक सम्मेलन:राजबीर सिंह भारतीय

चंडीगढ़/यूटर्न/05 अगस्त। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा द्वारा 9 अगस्त 2026 को गुजरात के जिला आणंद में एक भव्य सामाजिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

सम्मेलन का उद्देश्य आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराओं, संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक सशक्तिकरण तथा भावी पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य पर व्यापक विचार-विमर्श करना है। महासभा के चंडीगढ़ संयोजक राजबीर सिंह भारतीय ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन गुजरात प्रदेश अध्यक्ष किरीट भाई परमार के नेतृत्व में सुबह 11:00 बजे, बी-1, ईडन पार्क, संकल्प बांग्ला, आणंद (गुजरात) में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश बहादुर, राष्ट्रीय महासचिव अमरीक सिंह



बंगड़, राष्ट्रीय वित्त सचिव तथा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रीना गावस्कर वाल्मीकि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

राजबीर सिंह भारतीय ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की गौरवशाली विरासत, संघर्ष, पहचान और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को सम्मान देने का अवसर है।

सम्मेलन में शिक्षा, सामाजिक न्याय, संवैधानिक अधिकार, सामाजिक समरसता, युवाओं के सशक्तिकरण तथा समाज के सर्वांगीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से समाज में जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को प्रोत्साहित करने, सामाजिक एकता को मजबूत करने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस विचार-विमर्श किया जाएगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9814295372
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।